CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 257 राजनांदगांव, सोमवार 04 अगस्त 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# राष्ट्रपति मुर्मू से मिले पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह, सियासी गलियारों में हो रही चर्चा



नई दिल्ली। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। देश के 2 बड़े पदों पर आसीन नेताओं की राष्ट्रपति से मुलाकात, सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। राष्ट्रपति मुर्मू की पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई हैं।

हालांकि इस बात की आधिकारिक जानकारी अभी नहीं मिल पाई है कि इन मुलाकातों के दौरान किन मुद्दों पर चर्चा हुई। बता दें कि पीएम मोदी हालही में यूनाइटेड किंगडम और मालदीव की यात्रा से लौटे हैं, उसके बाद उनकी ये राष्ट्रपति से पहली मुलाकात थी।

### उपराष्ट्रपति चुनाव की हो चुकी है घोषणा

गौरतलब है कि 21 जुलाई, 2025 को भारत के उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ ने अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में चुनाव आयोग ने एक अगस्त को उपराष्ट्रपति के चुनाव के तारीखों का ऐलान किया था। इसके लिए वोटिंग 9 सितंबर को होगी।

ऐसे में उपराष्ट्रपति के चुनाव से पहले पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का राष्ट्रपति से मिलना सियासी गलियारों में चर्चाओं को जन्म दे रहा है। फिलहाल ये मुलाकात क्यों हुई और इसकी वजह क्या थी, इसके बारे में पुख्ता तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

### 16 जुलाई को भी राष्ट्रपति से मिले थे पीएम मोदी

पीएम मोदी ने 16 जुलाई 2025 को भी राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की थी। ये मुलाकात मानसून सत्र शुरू होने से पहले हुई थी। बता दें कि भारत के उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ ने जब इस्तीफा दिया था, तब भी सियासी गलियारों में तमाम चर्चाओं ने जन्म लिया था। सबका सवाल था कि अचानक धनखड़ ने इस्तीफा क्यों दिया। हालांकि धनखड़ ने खुद इस बात को साफ किया था कि उन्होंने स्वास्थ्य वजहों से इस्तीफा दिया है।

# जांच तेज, गिरफ्तारी का खतरा : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई अग्रिम जमानत की अर्जी



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद को गिरफ्तारी से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने शराब, कोयला और महादेव सट्टा एप घोटालों में नाम सामने आने के बाद अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है, जिस पर सोमवार पाँच अगस्त को सुनवाई होगी। इसी दिन शराब घोटाले में जेल में बंद उनके बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर भी सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर भी विपक्ष और उनके समर्थकों के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

### राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप

अपनी याचिका में भूपेश बघेल ने दलील दी है कि उन्हें राजनीतिक द्वेष के चलते निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे उनके बेटे की गिरफ्तारी राजनीतिक दुर्भावना के तहत की गई, वैसे ही उन्हें भी गिरफ्तारी का डर सता रहा है।

भूपेश बघेल ने कोर्ट से यह अनुरोध किया है कि उन्हें गिरफ्तार न किया जाए और उन्हें जांच में सहयोग करने का पूरा अवसर दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे जांच से भाग नहीं रहे, बल्कि निष्पक्ष प्रक्रिया की उम्मीद कर रहे हैं।

### जांच एजेंसियों की बढ़ी सक्रियता

यह याचिका ऐसे समय दाखिल की गई है, जब ईडी और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों ने इन घोटालों की जांच तेज कर दी है। बीते कुछ हफ्तों में छत्तीसगढ़ के कई बड़े अफसरों और नेताओं से पूछताछ की जा चुकी है।

# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एनकाउंटर : सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, 4 आतंकी ढेर, 'ऑपरेशन अखल' जारी



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में भारतीय सेना का आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन अखल' जारी है। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने अब तक चार आतंकियों को ढेर कर दिए हैं। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह एनकाउंटर अभी भी जारी है।

इस ऑपरेशन में मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान पुलवामा निवासी लोकल आतंकी हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के ष्ठत्नक्क नलिन प्रभात खुद मौके पर पहुंचे हैं और ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। घने जंगलों में आतंकियों के होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने 'ऑपरेशन अखल' की शुरुआत की। यह ऑपरेशन शुक्रवार, 1 अगस्त को शुरू हुआ। सुरक्षा बलों ने तुरंत घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया और उसी शाम गोलीबारी शुरू हो गई।

शुरुआती गोलीबारी के बाद, रात भर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चुनाव आयोग की चूक : बिहार में मतदाता सूची में 'हसबैंड हसबैंड' और 'फादर वोटर आईडी कार्ड' जैसे नाम, कार्रवाई शुरू



पटना। बिहार में 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कई त्रुटियां सामने आई हैं, जिसके बाद चुनाव आयोग (ईसी) ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोशल मीडिया पर इन गलतियों की चर्चा के बाद ईसी ने कहा कि गलतियां सुधारी जाएंगी और जिम्मेदार बूथ लेवल ऑफिसर्स के खिलाफ कार्रवाई होगी। ये त्रुटियां मुख्य रूप से सारण जिले की चापरा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हैं।

### अजीबोगरीब त्रुटियां

चापरा में एक बूथ की मतदाता सूची में कई हैरान करने वाली गलतियां पाई गई। उदाहरण के लिए, एक 22 वर्षीय महिला मतदाता के पिता का नाम %फादर फादर%, दो महिलाओं के पति का नाम %हसबैंड हसबैंड%, एक 21 वर्षीय महिला के पिता का नाम %फादर वोटर आईडी कार्ड%, और एक 19 वर्षीय महिला की मां का नाम %इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया% दर्ज था। श्वष्ट के अनुसार, ये गलतियां मार्च 2025 में जारी दूसरी पूरक मतदाता सूची में भी थीं।

### जांच और कार्रवाई का आदेश

सारण के जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारी अमन समीर ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि इन त्रुटियों की जांच शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि ये चार गलत नाम स्ढ्ढक्र से पहले ही सूची में थे और इन्हें जनवरी 2025 से मार्च 2025 के बीच क्चरुह्र ऐप के जरिए जोड़ा गया था। संबंधित क्चरुह्र और नए क्चरुह्र के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया

ईसी के अनुसार, 1 अगस्त से 1 सितंबर तक मतदाता और राजनीतिक दल ड्राफ्ट सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं। रविवार दोपहर 3 बजे तक 941 दावे और आपत्तियां मतदाताओं ने दायर कीं, लेकिन राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय दलों के बूथ लेवल एजेंट्स ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की।

### 65 लाख नाम हटाए गए

ईसी के 24 जून के आदेश के तहत, बिहार के 7.89 करोड़ मतदाताओं को 25 जुलाई तक गणना फॉर्म भरना था। महीने भर के इस अभियान में 7.24 करोड़ मतदाता शामिल हुए, जबकि 65 लाख नाम हटाए गए, क्योंकि कुछ मृत थे, कुछ स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए, या कुछ का पता नहीं चला। अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित होगी।

# रणजीत सिंह गिल के ठिकानों पर छापा, रात को थामा बीजेपी का दामन, सुबह लगा 'दाग'



चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले रणजीत सिंह गिल को चंद घंटों बाद ही विजिलेंस ब्यूरो की कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। खबरों की मानें तो विजिलेंस ब्यूरो ने उनके घर के साथ ही उनके ऑफिस पर भी छापा मारा है। कई लोग इस कार्रवाई को लेकर भगवंत मान की सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में रणजीत सिंह गिल को भाजपा में शामिल कराया था। सुबह विजिलेंस की टीम ने उनके आवास और कॉर्पोरेट ऑफिस पर छापा मार दिया। विजिलेंस ब्यूरो के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह कार्रवाई अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ दर्ज (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# तेजस्वी यादव की बढ़ी मुश्किलें, दो वोटर आईडी कार्ड रखने के मामले में ईसी ने भेजा नोटिस, मांगा जवाब



पटना। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने है। विधासनभा चुनाव से पहले राजद नेता तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ सकती है। चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव को नोटिस जारी किया है। ईसी ने राजद नेता को पत्र लिखकर उनके द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाए गए वोटर आईडी कार्ड की मांग की है, ताकि उसकी जांच की जा सके।

### ईपीआईसी नंबर नहीं है मौजूद

पत्र में आगे कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा जिक्र किया गया ईपीआईसी नंबर आधिकारिक तौर पर मौजूद नहीं है। हालांकि प्रेस कॉन्फ्रेंस में बयान के अनुसार राजद नेता ने अपना ईपीआईसी नंबर आरएबी 2916120 बताया था। प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि ईपीआईसी नंबर आरएबी 2916120 आधिकारिक तौर पर मौजूद नहीं है।

### क्या है पूरा मामला

राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को एसआईआर के विरोध में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ईसी ने तेजस्वी से कार्ड सौंपने को कहा

वहीं चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस मतदाता पहचान पत्र संख्या, आरएबी 2916120 का ज़िक्र किया था, वह आधिकारिक तौर पर जारी नहीं की गई थी और आगे की जांच के लिए उन्हें कार्ड सौंपने को कहा। राजद नेता तेजस्वी यादव को जारी किए गए पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि जांच करने पर पाया गया कि तेजस्वी का नाम मतदान केंद्र संख्या 124 (बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन में स्थित) के क्रम संख्या 416 पर दर्ज है और ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) संख्या आरएबी 0456228 है।

# पूर्व गृहमंत्री ननकीराम ने पीएम से लेकर सीएम तक को लिखा पत्र, भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर की ये शिकायत



कोरबा। पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और संचालक खनिज संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर दर्री डेम से बालको परसाभाटा तक सड़क निर्माण की स्वीकृति को लेकर शिकायत की है। उनका आरोप है कि यह स्वीकृति बाल्को कंपनी को फायदा पहुंचाने और भ्रष्टाचार करने की नियत से जिला खनिज न्यास मद कोरबा से की गई है।

ननकीराम कंवर का आरोप है कि दर्री डेम से बालको परसाभाटा तक सड़क निर्माण की स्वीकृति जिला खनिज न्यास मद से करना बाल्को कंपनी को व्यक्तिगत फायदा पहुंचाना है। उन्होंने मांग की है कि इस सड़क निर्माण की स्वीकृति को निरस्त कर बाल्को कंपनी से आबंटन राशि प्राप्त कर निर्माण कार्य स्वीकृत किया जाए।

ननकीराम कंवर ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्ववर्ती छत्तीसगढ़ प्रदेश के कांग्रेस शासन काल में उन्होंने और जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल से आबंटन स्वीकृत करवाकर कई सड़क निर्माण कार्य करवाए थे।उन्होंने आरोप लगाया है कि जिला खनिज न्यास मद की राशि का दुरुपयोग कर बाल्को कंपनी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई है। ननकीराम कंवर ने मांग की है कि दर्री डेम से बालको परसाभाटा तक सड़क निर्माण की स्वीकृति पर तत्काल रोक लगाई जाए और बाल्को कंपनी से आबंटन राशि प्राप्त कर सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जाए।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं डॉ. रमन ने किया भगवान शिव का रुद्राभिषेक, प्रदेश की खुशहाली की कामना की



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सावन मास के पवित्र अवसर पर राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

### गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मारूति मंगलम भवन, गुढ़ियारी से हटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक हजारों की संख्या में कांवड़िए जलाभिषेक हेतु रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है और हमारे लोक-विश्वास की गहराई को प्रकट करता है। सावन महीने में कांवड़ यात्रा शिवभक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु कई-कई किलोमीटर पदयात्रा कर भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं।

### कांवड़ यात्रा परंपरा को सहेजते हैं..

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर के महादेव घाट स्थित भगवान हटकेश्वरनाथ महादेव का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है। यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जलाभिषेक हेतु एकत्र होते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम है। कांवड़ यात्रा जैसी आयोजन न केवल परंपरा को सहेजते हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कृषि मंत्रीरामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और रायपुर महापौर मीनल चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ भाजपा ने रचा सदस्यता अभियान में रिकॉर्ड : 60 लाख से अधिक सदस्य बनाए, कार्यकर्ताओं का सीएम ने किया सम्मान



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के 'संगठन महापर्व सदस्यता अभियान' की ऐतिहासिक सफलता पर को नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 60 लाख प्राथमिक और 65 हजार सक्रिय सदस्यता लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और उनकी टीम को बधाई दी और सभी समर्पित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गौरव का क्षण है, जब कार्यकर्ताओं के परिश्रम और समर्पण के बदौलत छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अब सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं।

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान में परिश्रम की पराकाष्ठा की है। इसी समर्पण का परिणाम है कि लगातार चार चुनावों में भाजपा को जनसमर्थन मिला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ संगठन विस्तार में जुटे रहने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि संगठनात्मक मेहनत ही सफलता की कुंजी है। आपने अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है, अगली बार केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार दो-तिहाई बहुमत से बनेगी-यह हमारा संकल्प है। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि 86 दिनों में 60 लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाए गए। इनमें से 40 लाख सदस्य ऑनलाइन और 20 लाख ऑफलाइन जुड़े। 60 लाख सदस्यों में सामान्य वर्ग 18 प्रतिशत, ओबीसी वर्ग 54 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 18 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 9 प्रतिशत, महिलाएं 20 प्रतिशत, पुरुष 80 प्रतिशत जुड़े।

उन्होंने बताया कि एक हजार से लेकर 20 हजार से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद मुख्यमंत्री निवास में सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन ठेठरी, खुरमी, चीला, फरा, बरा आदि परोसे गए। मुख्यमंत्री ने सभी को सदस्यता अभियान की ऐतिहासिक सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

CMYK

# प्रयोगशाला सहायक परीक्षा में प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को उलझाया

**राजनांदगांव (दावा)। रविवार 3 अगस्त को शहर के 15 परीक्षा केंद्रों में प्रयोग शाला सहायक परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापंम द्वारा शहर के 15 स्कूल कालेजों में आयोजित इस परीक्षा में कुल 5268 अभ्यर्थियों में से 4746 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। वहीं 522 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया।**

**छत्तीसगढ़ी में नहीं पर छत्तीसगढ़ से संबंधित पूछे गए कुछ प्रश्न**



रविवार की सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई परीक्षा सवा 1 बजे तक चली। कड़ी सुरक्षा व कड़े नियम व कड़ी चौकसी के बीच आयोजित प्रयोगशाला सहायक परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। दोपहर सवा एक बजे परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि कुछ प्रश्नों ने उन्हें उलझाया जरुर है पर पेपर अच्छा गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में व्यापंम द्वारा आयोजित इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ी में एक भी प्रश्न नहीं पूछे गए। हालांकि छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित कुछ प्रश्न जरूर पूछे गए जैसे किस व्यक्ति को गांधी जी ने अपना गुरु कहा छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस कब मनाया जाता है, रायगढ़ जिले में पर्यटक स्थल कौन-सा है? छत्तीसगढ़ में एल्यूमीनियम कंपनी कहां स्थापित है, आदि आदि.... इसमें कई अभ्यर्थी गलत उत्तर भर दिए।

कुंआ गांव निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि छत्तीसगढ़ी में ज्यादा प्रश्न पूछे ही नहीं गए है। इसी तरह ग्राम भाखरी की यमुना ने बताई कि वह महात्मा गांधी जी के गुरु के नाम नारायण राव बताया है। जबकि यह छत्तीसगढ़ का गाधी पं. सुंदरलाल शर्मा जी कहते है। परीक्षा में पारिस्थिति की तंत्र के जैविक घटक से भी संबंधित प्रश्न पूछे गए। संबंध जोड़ों वाले भी प्रश्न रहे। विकल्पों के सही उत्तर भी पूछे गए।

### प्रयोगशाला सहायक परीक्षा में 522 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार ने बताया कि गत दिनों संपन्न हुए आबकारी भर्ती परीक्षा की तरह प्रयोग शाला सहायक परीक्षा में भी नकल रोकने तगड़ी व्यवस्था रही।

उन्होंने बताया कि उनके दिग्विजय कालेज में कुल 480 में से 427 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया वहीं 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह कमला कालेज में 480 में से 444 शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 480 में से 430 मल्टीपरपज हाई स्कूल में 480 में से 437 बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में 480 में से 432 पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में 180 में से 163 महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में 420 में से 393 सर्वेश्वर दास स्कूल में 240 में से 215 ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में 360 में से 324 ,जे एम एम स्कूल शंकरपुर में 180 में से 163 शासकीय हाई स्कूल पनेका मे180 में से 148 मिनी माता कन्या पालिटेक्निक पेंड्री में 180 में से 157 गायत्री विद्यापीठ केसर नगर में 480 में से 430 श्री गुरुनानक स्कूल कौरिनभांठा में 480 में से 435 रायल किड्स लालबाग में 168 में से 148 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। बताया जाता है कि पुलिस की इतनी तगड़ी व्यवस्था थी कि चौकस निगाह के चलते एक भी नकल प्रकरण नहीं बने। परीक्षा पूरे शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## पहला कॉलम...

## रायपुर-जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का हुआ स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। बहुप्रतीक्षित रायपुर-जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का आज अपरान्ह 12:34 बजे रायपुर से राजनांदगांव पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया।

रेल कम्युटर वेलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर रेल मंडल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जितेन्द्र काथरानी ने ट्रेन के पायलट ए.वी.आर मूर्ति, को-पायलट अनिल वर्मा तथा गार्ड एस.के. मंडल को पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस दौरान अन्य यात्रियों के अलावा नागपुर रेल डिवीजन के सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक अमित कुमार, मुख्य स्टेशन प्रबंधक राजेश बर्मन एवं रेलवे स्टॉफ भी मौजूद था। स्वागत के उपरांत अपरान्ह 12:40 बजे ट्रेन गंतव्य के लिये रवाना हुई।

श्री काथरानी ने मिडिया से चर्चा में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली 01709/01710 रायपुर-जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी को जिलेवासियों के लिये बेहद उपयोगी रेलसेवा बतलाया है। उन्होंने रेलमंत्री श्री वैष्णव एवं सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त करते हुए बहुप्रतीक्षित पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस के ठहराव (जिसका ज्ञापन दिया गया है) एवं पीपीपी प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित डोंगरगढ-कटघोरा रेललाईन में राजनांदगांव को भी शामिल करने का अनुरोध किया है। इसके पूर्व आज टेऊन का रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भावनगर (गुजरात) से हरी झंडी दिखाकर वर्च्युल माध्यम से रायपुर से सुबह 11:32 बजे रवाना किया था।

## भगवा आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस की किरकिरी- मो. इरफान शेख



राजनांदगांव (दावा)। साध्वी प्रज्ञा गिरी के भगवा आतंकवाद के मुद्दे पर बरी होने को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने कहा कि आतंकवाद तो आतंकवाद होता है। इस इस्लामिक आतंकवाद या भगवा आतंकवाद के रूप में देखना संकीर्ण मानसिकता है हम सब मनुष्य जन्म लेकर आए हैं मजहब अलग हो सकता है लेकिन इंसानियत एक ही होती है। आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता हिंदू का मुस्लिम का अपना अपना धर्म अपना अपना मजहब होता है। लेकिन मानवता के मुद्दे पर हम सब एक हैं जहां देश की बात आती है वहां हम सब एक हैं साध्वी प्रज्ञा गिरी को लेकर भगवा आतंकवाद के मुद्दे पर उनका बरी होना भाजपा की जीत और कांग्रेस की न केवल हर बल्कि उसकी किरकिरी हो रही है

श्री शेख ने आगे कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस की संकीर्ण सोच के कारण ही चुनाव में उसे हासिये पर ढकेल दिया है। भाजपा सबको लेकर चलने वाली पार्टी है मुसलमान के भी हित में कई योजनाएं लाई है बड़ी संख्या में मुसलमान भाजपा से जुड़े हुए हैं भाजपा को वोट करते हैं अगर भगवा आतंकवाद होता तो ऐसा बिल्कुल नहीं होता भाजपा का नारा ही है सबका साथ सबका विकास तभी तो देश में वर्ष 2014 से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार भाजपा सरकार या राजक सरकार के रूप में लगातार शासन करते आ रही है। अधिकतर राज्यों में भी भाजपा की सरकार है। जबकि कांग्रेस नफरत के बीज बोने का काम करती है। मुसलमानों को काफी समय तक वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती रही अब ऐसा नहीं है जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने वालों को मुस्लिम नकार देते हैं। भाजपा ऐसी पार्टी नहीं है, यह न सिर्फ राष्ट्रवाद अपितु विश्व बंधुत्व को बढ़ावा देती है।

## सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा ट्रेन मैनेजर का स्वागत



**जनप्रतिनिधि दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करें तो मुंबई - हावड़ा रेल मार्ग में चलने वाली सभी ट्रेन रोकी जा सकती है - के. के. वर्मा**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में जबलपुर से रायपुर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के मैनेजर का वन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने वरिष्ठ नागरिक के के वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान अनेक सेवानिवृत वन कर्मचारी उपस्थित रहे। ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि यदि चाहे तो डोंगरगढ़ में मुंबई - हावड़ा रेल मार्ग में चलने वाली सभी ट्रेन रोकी जा सकती है। डोंगरगढ़ रेलवे क्षेत्र में उपलब्ध संसाधन का उपयोग कर अनेक सुविधाओं का लाभ रेलवे ले सकती है। तभी डोंगरगढ़ रेलवे का समुचित विकास हो सकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी की स्वदेशी अपील का देश भर के व्यापारियों द्वारा जबरदस्त समर्थन



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' की अपील को बड़ा समर्थन देते हुए कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज घोषणा की कि आगामी 10 अगस्त से एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है। यह निर्णय आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद चांदनी चौक प्रवीण खंडेलवाल जी के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में लिया गया, जिसमें देश के 26 राज्यों से आए 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लिया।

**'भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान' कैट पूरे प्रदेश में चलाएगा स्वदेशी अभियान**

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया की सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम 'भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान' रखने का निर्णय लिया और कहा कि 'प्रधानमंत्री की यह अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा दें, तो न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार भी सशक्त होंगे।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने अभियान के बारे में बताते हुए कहा की देश भर में फैले 48,000 से अधिक व्यापारी संघटनों की भागीदारी के साथ यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा।हर राज्य व ज़िले में व्यापारी, उपभोक्ता व नागरिक समाज के साथ सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, पोस्टर, रैलियों व जनसंवाद के माध्यम से लोगों को भारतीय उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।स्कूल, कॉलेज, व्यापार मंडल, एनजीओ और समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा की प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करने के कारणों के बारे में कहा कि विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं जिससे भारत के स्थानीय व्यापार को बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है, और कीमत भी उचित है। भारतीय उत्पादों की खरीद से स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और व्यापारियों को समर्थन मिलेगा।विदेशी वस्तुओं की अंधाधुंध खपत से भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है जिसको रोकना जरूरी है। इससे भारतीय संस्कृति, कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प के संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।

कैट ने सभी व्यापारियों से आह्वान किया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर 'केवल भारतीय सामान उपलब्ध है' जैसे पोस्टर लगाएं और ग्राहकों को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रेरित करें।यह अभियान भारत के आर्थिक स्वाभिमान की नींव को और मज़बूत करेगा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। कैट छत्तीसगढ़ की टीम से विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, कांति पटेल, रतनदीप सिंह उपस्थित थे।

## फेसबुक सोशल मिडिया के माध्यम से पीडब्लूडी की नौकरी में हुँ बोलकर किया धोखाधड़ी



डोंगरगढ़ (दावा)। फेसबुक सोशल मिडिया के माध्यम से पीडब्लूडी की नौकरी मे हूं बोलकर लड़की वालों से धोखाधडी कर लाखों रुपए लूटने का मामला प्रकाश में आया है।आरोपी पर एक्सीडेन्ट का बहाना बताकर 7,35,000 रू. की ठगी करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी जयप्रकाश बघेल के विरूद्ध धारा-318(4) बीएनएस के तहत कार्यवाही की है। आरोपी थाना पुरानी बस्ती रायपुर में धारा- 69 बीएनएस के मामला में फरार था।

**आरोपी ने एक्सीडेन्ट का बहाना बताकर किया 7,35,000 रू. की ठगी**

प्रार्थीयां ने 31 जुलाई 2025 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी जयप्रकाश बघेल पिता राजकुमार बघेल उम्र 30 वर्ष साकिन ढनढन थाना तखतपुर द्वारा 2 वर्ष पहले फेसबुक सोशल मिडिया के माध्यम से पहचान हुआ। जो मोबाईल के माध्यम से एक्सेज किये थे। आरोपी अपना परिचय सिविल इन्जीनियर पीडब्लूडी में सरकारी कर्मचारी बताकर प्रार्थीया के घर शादी का रिश्ता लेकर घर आया। रिश्ता की बात तय होने पर आरोपी प्रार्थीया से कार ऐक्सीडेन्ट का बहाना बताकर कुल 7,35,000 रू. अपने फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी की। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक-379/2025 धारा-318(4) बीएनएस कायम कर आरोपी को ज्युडिसीयल रिमार्ड पर भेजा गया है।

# मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले के खिलाफ मुंबई सफेमा कोर्ट की बड़ी कार्यवाही

**आरोपी के जमीन, मकान, वाहन, बैंक में जमा राशि व नगदी रकम तथा जेवर किया फ्रिज**

राजनांदगांव (दावा)। अवैध रुप से गांजा की तस्करी करने वाले तुलसीपुर निवासी आरोपी पुखराज पिता बीर सिंह चंदेल के खिलाफ मुंबई के सोफिया कोर्ट ने बड़ी कार्यवाही करते हुए उसके 4 करोड़ रुपए की संपत्ति को फ्रिज कर दिया है। आरोपी का स्थाई पता घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम बहेराभांठा बताया जाता है

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर जिले मे अवैध मादक पदार्थ के खरीदी बिक्री करने वाले के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन मे समस्त थाना चौकी द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीली टेबलेट, अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध एण्ड टू एण्ड कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त होने पर सभी थाना चौकी द्वारा एण्ड टू एण्ड कार्यवाही की जा रही है तथा अवैध मादक पदार्थ खरीदी बिक्री कर अवैध संपत्ति अर्जित करना पाये जाने पर प्रकरण मे अवैध संपत्ति प्रकरण मे एटैच करने के निर्देश दिये गये है।

### मादक पदार्थ की खरीद- बिक्री से अवैध संपत्ति अर्जित

इसी तारतम्य मे थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव के धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में आरोपी पुखराज सिंह चंदेल द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीदी बिक्री कर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित किया गया है। जिसके संबंध में उसके परिवारिक पृष्ठभूमि एवं बैंक खातो का डिटेल, चल अचल संपत्ति की जानकारी, आरटीआई फाईल करने संबंध में विस्तृत जानकारी ली गयी। जो पुखराज सिंह चंदेल एवं उनके परिवार की संपत्ति आरओआई फाईल करने से तुलनात्मक दृष्टिकोण से अध्ययन किया गया। जो संपत्ति पुखराज सिंह एवं उनके परिवार की संपत्ति है वह तुलनात्मक रूप से कई गुना अधिक पायी गयी है। जिसके तारतम्य मे मादक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1955 के अध्याय ट.। के तहत थाना सिटी कोतवाली में आरोपी पुखराज चंदेल के विरुध्द मादक पदार्थों की व्रिकी के माध्यम से अवैध रूप से अर्जित संपति की जप्ती कार्यवाही प्रारंभ की गई है। आरोपी द्वारा अपने एवं परिवार के नाम पर ग्राम बहेराभाठा, जुरलाखुर्द, सुकुलदैहान मे गांजा की अवैध बिक्री से कमाई रकम से खरीदे गये जमीन दो पहिया चार पहिया वाहन, जेवरात एवं विभिन्न बैंको मे जमा किया गया नगदी रकम कुल संपत्ति लगभग 4 करोड रूपये की संपत्ति की सफेमा कोर्ट मुंबई द्वारा धारा 68 एनडीपीएस के तहत जब्ती/फ्रीजिंग की कार्यवाही की जा रही है।

## कल ओमप्रकाश अंकुर की वार्ता का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से



राजनांदगांव (दावा)। साकेत साहित्य परिषद सुरगी, राजनांदगांव के अध्यक्ष, पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया के संयोजक ओमप्रकाश साहू 'अंकुर की छत्तीसगढ़ी वार्ता' आजादी के लड़ई म छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी मन के योगदान का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर केंद्र से समन्वित कार्यक्रम 'मोर भुइयां' के अन्तर्गत 5 अगस्त 2025 मंगलवार सुबह 8:30 बजे किया जायेगा। इस कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता प्रोग्राम आफिसर महेन्द्र कुमार साहू है। ओमप्रकाश साहू शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत है। वे अनेक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा साहित्य सम्मान सहित शिक्षा में नवाचार हेतु वे राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान एवं शिक्षा दूत सम्मान से सम्मानित हो चुके है। आकाशवाणी में वार्ता प्रसारण हेतु अंकुर को साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षक समुदाय, सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## गोंदिया से आकर शहर में बाइक चोरी कर आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। थाना बसंतपुर पुलिस ने गोंदिया महाराष्ट्र से शहर आकर दो पहिया वाहन चोरी करने वाले आदतन चोर को धरदबोचा है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से मोटर सायकल एक्टिवा बरामद की है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि गोंदिया निवासी आरोपी शुभम राउत आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्ध गोंदिया जिले में चोरी एवं नकबजनी के कई प्रकरण दर्ज है। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी शुभम पिता विक्की राउत उम्र 25 साल निवासी सेल टैक्स कॉलोनी, नाग मंदिर के पास हाल आईटीआई हनुमान मंदिर के पास गोंदिया के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

### घर के सामने खड़ी एक्टीवा वाहन हुई चोरी

प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 31 जुलाई की रात्रि 10 बजे यह अपने सफेद रंग की एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी-08/जेड 1846 को अपने घर के सामने खडा किया था और घर जाकर खाना खाकर सो गया। अगले दिन 1 अगस्त की सुबह 7 बजे मंदिर जाने के नाम से उठकर घर से निकला तो देखा कि जहॉ पर एक्टिवा खडी किया था। वहॉ पर एक्टिवा नही था। आसपास पता किया कोई पता नही चला। किसी अज्ञात चोर द्वारा इसकी इसकी पुरानी इस्तेमाली सफेद रंग की एक्टिवा क्रमांक सीजी-08/जेड 1846 कीमती लगभग 20 हजार रूपये को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध सदर पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 334/2025 धारा 303(3) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे आरोपी को जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित सउनि. गोवर्धन देशमुख, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, अवध किशोर, जीवन ठाकुर, मनीष साहू एवं फागू राम की सराहनीय भूमिका रही।

# मुस्लिम समाज ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, अशोक वृक्ष के लगाये सौ पौधे




राजनांदगांव (दावा)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुस्लिम समाज द्वारा ईदगाह मैदान में पौधारोपण किया गया। शहर के गोल बाजार स्थित हनफी मस्जिद कमेटी की जानिब से पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में अशोक वृक्ष के 100 पौधे ईदगाह मैदान के चारों ओर रोपे गए।

पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का संदेश देने के लिए मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जामा मस्जिद कमेटी के सदर रईस अहमद शकील, समाजसेवी अंजुम अलवी, एसडीएम खेमलाल वर्मा, हनफी मस्जिद के सदर हाफिज शेख मोहम्मद, पार्षद सतीश मसीह, हेमंत लशकरे, कोतवाली टीआई रामेंद्र सिंह, हाजी रज्जाक बड़गुजर, आमीन हुड्डा, सैय्यद अली अहमद सहित अन्य तिथि शामिल हुए।

पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उपस्थित सभी अतिथियों ने समाज की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया और वृक्षारोपण के महत्व को बताया। वहीं इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों के साथ समाज के लोगों ने पौधारोपण किया। इस दौरान पौधारोपण को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा था।

मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के इस अभियान का हर समाज अनुसरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज एक जिम्मेदार समाज है। समाज के लोगों ने पौधारोपण करने के साथ ही इन वृक्षों को संरक्षण देने की बात भी कही है, ताकि यहां वृक्षारोपण शत-प्रतिशत सफल हो सके।

शहर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने पौधारोपण अभियान को लेकर कहा कि बीते कुछ वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में काफी समस्या होगी। उन्होंने कहा कि हर समाज और व्यक्ति का दायित्व है कि वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि समाज के द्वारा इन पौधों को बड़ा करने इनका संरक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने और पौधे उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह का आभार जताया है।

वृक्षारोपण के इस संक्षिप्त कार्यक्रम के आयोजन में हनफी मस्जिद के सेक्रेटरी एडवोकेट मोहम्मद हसन, हाजी सलीम रजा, मोहम्मद इब्राहिम, आबिद बेग, सैय्यद अफजल अली, आफताब अहमद, इमरान बीबा, नासिर जिंदरान, हाजी रसीद भाई, हाजी तनवीर अहमद, हाजी अतहर, हाजी वफीद भाई, हाजी जलालूदीन निर्वाण, असगर अली हासमी, रसीद भाई बेरिंग, हाजी बसीर भाई, हाजी आमीन भाई, हाजी सदरू, हाजी राजा भाई, हसन भाई एडवोकेट, अय्यूब भाई, अहमद रजा, अफजल खान, इमरान बीबा, गोलू बड़गुजर, जावेद भाई, फिरोज भाई, निसार भाई, असलम भाई सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों उपस्थित थे।






# अपने ही बैंक ग्राहकों से करोड़ों रूपये फ्राड करने वाला बैंक कर्मचारी उमेश गोरले सह आरोपी पत्नी सहित गिरफ्तार

0 अब तक प्राप्त हो चुकी है आरोपी के विरूद्ध कुल 43 शिकायतें जिन्हें किया गया प्रकरण में शामिल
0 ग्राहकों से फर्जी ऋण एवं खातों से अनुचित तरीके से लगभग 2.5 करोड़ रूपये राशि किया था आहरित
0 मामला - एक्सीस बैंक शाखा डोंगरगढ़ का




डोंगरगढ़(दावा)।अपने ही बैंक के ग्राहकों से करोड़ो रूपये फ्राड करने वाला बैंक कर्मचारी उमेश गोरले को पुलिस ने सह आरोपी बनाई गई पत्नी सहित गिरफ्तार किया गया है। मामला शहर के महावीर पारा स्थित एक्सीस बैंक शाखा डोंगरगढ़ का है। आरोपी बैंक कर्मचारी अपने निजी स्वार्थ के लिये बैंक के ग्राहकों से करोड़ो रूपये की धोखाधड़ी कर चुका है।

पुलिस को बैंक के माध्यम से आरोपी के विरूद्ध कुल 43 शिकायतें प्राप्त हो चुकी है,जिन्हे धोखाधड़ी के प्रकरण में शामिल किया गया है। आरोपी ने अपनी पत्नी श्रीमती उषा गोरले के साथ मिलकर ग्राहकों से फर्जी ऋण एवं खातों से अनुचित तरीके से लगभग 2.5 करोड़ रूपये राशि आहरित किया है।आरोपियों के कब्जे से एक नग कार हुण्डई क्रेटा, बाण्ड पेपर, एक नग लेपटॉप, एक नग मोबाईल फोन, बैंक पासबुक एवं एटीएम कार्ड जप्त किया गया है।

### शाखा प्रबंधक की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर

प्रार्थी शाखा प्रबंधक रिंकू कुमार पिता श्री शंकर पंडित उम्र- 37 साल एक्सीस बैंक लिमिटेड डोंगरगढ़ ने दिनांक- 26.07.2025 को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी उमेश गोरले पूर्व बैंक कर्मचारी संख्या 429452 शाखा एक्सिस बैंक डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 एक्सिस बैंक के 06 ग्राहकों से कुल 10686528/-रू0 माह नवबंर 2022 से माह अप्रैल 2025 के बीच स्वयं बैंक कर्मचारी होते हुये धोखाधड़ी एवं ग्राहकों के नाम से फर्जी ऋण एवं ग्राहकों के खातों से अनुचित तरीके से ग्राहकों के साथ अपनी निजी स्वार्थ हेतु व्यक्तिगत तौर पर धोखाधड़ी कर राशि आहरित किया है। कि रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 318(4) 316(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी विभिन्न खाता धारकों से उनका आईडी पासवर्ड बनाकर नेट बैंकिग के माध्यम से करता था धोखाधड़ी

प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम द्वारा प्रकरण के विवेचना हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उपेन्द्र कुमार शाह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जिस पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा अपने टीम के साथ आरोपी उमेश गोरले के पता तलाश में जुट गये। आरोपी रिपोर्ट दिनांक से फरार था जिसका पता तलाश कर पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी उमेश गौरले द्वारा विभिन्न खाता धारकों से उनका आईडी पासवर्ड बनाकर नेट बैंकिग के माध्यम से, चेक से आहरण कर, एफडी एकाउंट से ओवर ड्राफ्ट निकालकर फ्राड करता था एवं फ्राड के पैसे को मन्नापुरम गोल्ड लोन एकाउंट में ट्रांसफर करके जिसमें उमेश गोरले का बैंक एकाउंट लिंक रहता था। उसके बाद फ्राड के पैसों को अपने अपने लिंक्ड एसबीआई एवं एक्सिस बैंक के खाते से खाते से अपनी पत्नि उषा गोरले एवं माँ तारादेवी गोरले के खाता में ट्रांसफर करता था। खाता में पैसा आने की जानकारी उसकी पत्नि उषा गोरले को रहती थी।

### भाजपा नेता मां तारा देवी की भूमिका की जांच में जुटी पुलिस

प्रकरण में उमेश गोरले की माता तारादेवी गोरले कि भुमिका का भी जांच की जा रही है प्राथमिक पुछताछ के दौरान तारादेवी का एकाउंट आरोपी उमेश गोरले के मोबाईल नबंर एवं ई-मेल आईडी से लिंक होना पाया गया है। उमेश गोरले द्वारा फ्राड के रकम से खरीदे गये एक नग कार हुण्डई क्रेटा, बाण्ड पेपर, एक नग लेपटॉप, एक नग मोबाईल फोन, बैंक पासबुक एवं एटीएम कार्ड को जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी उमेश गोरले बैंक कर्मचारी लोक सेवक होते हुये धोखाधड़ी करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 316(5) बीएनएस जोड़ी गई है। अब तक विवेचना में आरोपी उमेश गोरले एवं उसकी पत्नि उषा गोरले के विरूद्ध धारा- 318(4), 316(5) बीएनएस का अपराध घटित करने का प्रयाप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से आज दिनांक- 03.08.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

### 43 खाता धारकों की शिकायत पहुंची बैंक

मामले में आरोपी उमेश गोरले के विरूद्ध अब तक विभिन्न बैंक खाता धारकों से कुल 43 शिकायत प्राप्त हो गया है जिसमें करीबन 2.5 करोड़ रूपये धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है जिसकी विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, उप निरीक्षक भुषण चन्द्राकर, नरेश बंजारे, प्र0आर0- अखिल अम्बादे, आरक्षक लीलाधर मंण्डलोई, चितेश गात्रे, अजय पाटले का विशेष योगदान रहा है।

# चिखली पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब जप्त की



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में एक आरोपी को बड़ी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मटमैले झोले एवं घटना में प्रयुक्त वाहन की डिक्की से 22 पाव जम्मू स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब एवं 20 पाव शोले देसी मसाला शराब बरामद की वहीं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन को जब्त किया गया। उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

चिखली चौकी प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में चौकी क्षेत्र में गुंडा, बदमाश, असामाजिक तत्वों, शराब परिवहन, बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त तारतम्य में रविवार 3 अगस्त को सुबह मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति राजनांदगांव से चिखली खैरागढ़ रोड की ओर अपने मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर वाहन क्रमांक-सीजी-04/सीएन 7595 में अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब परिवहन कर बिक्री हेतु ले जा रहा है।

### ग्राम भेड़ीकला के पास पकड़ा गया आरोपी

उक्त सूचना पर तत्काल मौके पर टीम रवाना कर घटना स्थल ग्राम भेड़ीकला देवांगन भवन के पास पहुंचकर घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिया का व्यक्ति आने पर उसे रोककर पूछताछ पर अभियुक्त ने अपना नाम नोहर नेताम पिता स्वर्गीय मयाराम नेताम उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम भेड़ीकला चिखली का होना बताया जिसके वाहन क्रमांक सीजी-04 सीएन 7595 में मटमैले रंग के झोले एवं उक्त वाहन की डिक्की की तलाशी लेने पर मटमैले झोले एवं वाहन की डिक्की से 22 पाव जम्मू स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब एवं 20 पाव शोले देसी मसाला शराब प्रति पाव 180 मिली लीटर कुल 42 नग सीसी सीलबंद कुल 7560 मिली लीटर कीमती 4640 मिला जिसके रखने एवं परिवहन करने संबंधी नोटिस देने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना पाया गया इस पर अभियुक्त के विरुद्ध 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त के कब्जे से अवैध शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से आदेशानुसार जेल दाखिल कर दिया गया है।

इस कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक श्री नामदेव सहित महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक सर्पा, आरक्षक मनोज जैन, आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, असलम मिर्जा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आज चंद्रमौलेश्वर महाकाल की राजसी पालकी यात्रा



साक्षी बनेंगे हजारों श्रद्धालु

राजनांदगांव (दावा)। चंद्रमोलेश्वर महाकाल मंदिर सिंघोला से जुड़ी महाकाल सेना कि 4 अगस्त सोमवार को भव्य पालकी यात्रा निकलने जा रही है। इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु जन सम्मिलित होगे। पालकी यात्रा के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालु जनों का आत्मीय स्वागत व सत्कार किया जाएगा। महेश पथ में पालकी यात्रा का भव्य स्वागत एवं विशेष प्रसादी वितरण का आयोजन होगा। महाकाल भक्त नीलू शर्मा एवं पवन डागा ने बताया कि चतुर्थ सोमवार यात्रा 4 अगस्त को राजसी पालकी यात्रा सिद्ध पीठ मां शीतला माता मंदिर, फव्वारा चौक, जमात पारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेश पथ, लोहार पारा, माँ काली शक्ति पीठ, बस स्टैण्ड, सिद्ध पीठ मां काली शक्ति पीठ बस स्टैंड भरका पारा विश्राम करेंगे। महाकाल यात्रा में महाकाल भक्त सचिन अग्रहरि, राज दुबे, मधुसूदन यादव, संतोष पिल्ले, कोमल सिंह राजपूत सहित विभिन्न संगठन व सभी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# फरार गांजा महिला तस्कर ममता पुरैना को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शीतला मंदिर रोड में महिला से डेढ़ लाख का गांजा जप्त

राजनांदगांव (दावा)। रविवार को बूढ़ा सागर के पास शीतला मंदिर रोड में पुलिस द्वारा एक महिला को घेरे देख लोग अचंभे में रह गए।

बसंतपुर थाना पुलिस के साथ महिला आरक्षक उस महिला को कवर किए हुए थी ताकि वह भाग न जाए। लोगों ने उक्त महिला के पास एक सफेद बोरी में भरे हुए कुछ चीज देखकर अंदाजा लगा लिए की जरुर यह महिला उक्त बोरी में गांजा रखे हुए हैं। लोगों का यह अंदाज सही निकला। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू अपने मातहतों के साथ उस महिला को घेरे हुए पूछताछ कर रहे थे। इससे पता चला कि रायपुर की ममता पुरैना नामक उक्त महिला लगभग 16 किलो गांजे को बेचने के लिए ग्राहक के तलाश में थी। इस दौरान वह पुलिस के हाथों पकड़ी गई।

बताया जाता है कि उक्त आरोपिया महिला पूर्व में गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रही थी। उसे डेढ़ लाख रुपए कीमत की गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में दुर्ग की महिला जेल भेज दिया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन थाना बसंतपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थो के बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गत 18 जून को मुखबीर के आधार पर पूर्व में बर्फानी मंदिर के सामने जी.ई. रोड बस सर्विस के पास मिलन मोहबे पिता राजकुमार मोहबे उम्र 27 साल निवासी पुरानी काशी नगर शीतला मंदिर के पास थाना तेलीबांधा को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाशते हुए घेराबंदी कर पकडा गया तथा आरोपीं के पास रखे पीला रंग के प्लाटिक बोरी एवं एक पिस्ता ग्रीन रंग के सूटकेश एवं एक हरे रंग के सूटकेश के अंदर मादक पदार्थ गांजा कुल मात्रा 34.750 किग्रा कीमत 3,40,000 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी से पूछताछ किया गया जो अपनी महिला साथी ममता सतनामी निवासी रायपुर के साथ उक्त गांजा को रायपुर से पुणे ले जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान महिला आरोपिया घटना स्थल से फरार हो गई थी। जिसकी पतासाजी हेतु मुखबीर व तकनिकी सहायता की मदद लिया जा रहा था। मुखबीर सूचना पर रविवार 3 अगस्त को आरोपिया ममता पुरैना पति स्व. खोमन पुरैना उम्र 39 साल निवासी कबीर नगर शीतला मंदिर के पास थाना कबीर नगर रायपुर को गुरूद्वारा चौक के पास 15.750 किलोग्राम अनुमानित कीमत 1,50,000 रूपये (डेढ़ लाख रूपये) अवैध रूप से मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। आरोपिया महिला से पूछताछ करने पर बतायी कि पूर्व में भी वह अपने साथी मिलन मोहबे के साथ राजनांदगांव आयी थी। आज भी वह बस से राजनांदगांव पहुँचकर ग्राहक की तलाश कर रही थी। मादक पदार्थ गांजा को अपने निवास स्थान रायपुर से लेकर आना बतायी। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे महिला जेल दुर्ग दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक श्री साहू सहित उप-निरीक्षक कैलाश मरई, सउनि. गोवर्धन देशमुख, सउनि. मनमोहन साहू, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक प्रख्यात जैन महिला आरक्षक पेमिन कतलाम एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी से मिलेगा राजनांदगांव के व्यापार को बढ़ावा

## सांसद संतोष पांडे से मिला कैट डेलीगेट




राजनांदगांव (दावा)। जबलपुर रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नांदगांव स्टॉपेज करने में सांसद संतोष पांडे का अथक प्रयास आने वाले दिनों में राजनांदगांव के व्यापार व्यवसाय के लिए अच्छा संकेत दे रहा है। श्री पांडे ने कहा लोकल फॉर वोकल में स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने को कहा है। कैट के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर उन्हें इसके लिए बधाई दी एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैट के जिलाध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, आलोक श्रोती, आलोक बिंदल अरुण, शुक्ला शुक्ला एवं आशु सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सरस्वती सायकल योजना चढ़ने वाली है भ्रष्टाचार की भेंट- विभा



निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना ठंडे बस्ते में

डोंगरगाँव (दावा)। विधानसभा के अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पाँच अर्जुनी की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने आज क्षेत्र के उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों खुज्जी, बड़गाँव चारभाटा, खुर्सीपार किरगी, सोनेसरार, करमतरा का अकास्मिक निरीक्षण किया एवं शाला से संबंधित जानकारियां हासिल की उनके साथ जनपद सदस्यद्वय रवि साहू व रेशमा साहू सरपंच ज्योति साहू, डीकेश्वरी साहू, गिरधारी साहू, रेखा बघेल उपस्थित थी। श्रीमती साहू ने कहा ज़िले के कुल 6422 पंजीयन नवमीं की अनुसूचितजाति जनजाति एवं बीपीएल छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत मिलने वाली साइकिल का वितरण जून माह के अंत तक हो जाना था लेकिन सरकार ने जिला शिक्षा विभाग के अधिकारों का हनन कर साइकिल ख़रीदी का केंद्रीकरण कर दिया है और प्रदेश स्तर पर इसकी ख़रीदी हो रही है। जिसका अभी तक शिक्षा विभाग द्वारा ख़रीदी नहीं की गई है । निरीक्षण के दौरान श्रीमती साहू को शिक्षा के मंदिर में विभिन्न कमी व समस्याएं देखने को मिली। श्रीमती साहू को निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुज्जी प्रांगण के बीचों-बीच लगे विद्युत पोल बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही दिखी।

स्कूल प्राचार्य व शिक्षकों के द्वारा शिक्षा विभाग को बार बार अवगत कराने के बाद भी पोल का स्थानांतरण नहीं किया गया। शाला में बने प्रयोगशाला भी जर्जर स्थिति में हैं। श्रीमती विभा साहू ने आगे कहा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने युक्तियुक्त करण की थी ।लेकिन युक्तियुक्त करण के बाद भी स्कूलों में शिक्षकों की कमी का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडगांव चार भाटा में नवमीं एवं दसवी कक्षा के छात्रों के लिए संस्कृत विषय के शिक्षक की कमी है। शासकीय हाई स्कूल खुर्सीपार में सामाजिक विज्ञान व्याख्याता विज्ञान सहायक शिक्षक व प्राचार्य की कमी है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरगी में पुराने सैटअप के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। वर्तमान में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक कला, विज्ञान एवं कॉमर्स संचालित है जिसमें गणित अंग्रेज़ी हिन्दी एवं सामाजिक विज्ञान विषय के व्याख्याता के एक-एक पद प्राचार्य एवं दो भृत्य के पद वर्तमान में रिक्त है। शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा मे भी चार पद चपरासी के रिक्त है। किरगी स्कूल की छात्रा ने जिला पंचायत सदस्य को बारिश के दिनों में शौचालय जाने में परेशानी को बताया व स्कूल में सैनिटरी पैड मशीन नहीं होने की जानकारी दी वही करमतरा में यह मशीन कई वर्षो से बंद पड़ा है। श्रीमती साहू ने स्कूलों में कक्षा- भवनों, शुद्ध पेयजल, पुस्तकालय, स्वच्छता, प्रयोगशाला, खेल मैदान, बाउंड्रीवॉल, शिक्षकों की पूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में असफल है जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान- दिनेश गांधी



डोंगरगांव (दावा)। जनपद के सभागृह में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पीएम किसान उत्सव दिवस पर एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष भाजपा दीना पटेल, जनपद अध्यक्ष रंजिता पडौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू तथा किसान व कृषि विभाग के कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खातों में योजना की 20वीं किस्त भेजे जाने पर आभार व्यक्त करना तथा इस योजना के महत्व को रेखांकित करना था. इस आयोजन में सभी वक्ताओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है. इस योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों को हर वर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में दी जाती है. इससे उन्हें खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधनों की खरीद में मदद मिलती है. वक्ताओं ने कहा कि पहले कई सरकारें आईं लेकिन किसानों के हित के लिए ऐसी सीधी लाभ पहुंचाने वाली योजना कभी लागू नहीं हुई. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है. कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस योजना से मिले लाभ की सराहना की. सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री का आभार जताया और इस योजना को लगातार जारी रखने की अपील की तथा आगन्तुक सभी किसानों को प्रमाण पत्र व बीज का वितरण कृषि विभाग के द्वारा किया गया.

# श्रीमति निर्मला विनोद राठी का देहावसान



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला राठी का बीती रात लगभग 12.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 74 वर्ष की थीं। स्व. श्रीमती निर्मला राठी, राम राठी की अनुज वधु, आशीष और स्नेहा राठी की मां थीं। वे अपने पीछे पति, नाती- पोतों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं।

निर्मला राठी एक सरल, सहृदय तथा सेवा-भावना से परिपूर्ण कर्मठ व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका जाना माहेश्वरी समाज सहित सभी के लिए अपूर्णीय क्षति है। श्रीमती निर्मला राठी को कल अचानक तबीयत खराब होने पर भिलाई स्थित बीएम शाह अस्पताल में एडमिट किया गया था। हालत सुधरने के बाद अचानक उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया जिसकी वजह से काफी कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। श्रीमती राठी की अंतिम यात्रा कल 4 अगस्त सोमवार को अपराह्न 11:30 बजे रामाधीन मार्ग स्थित निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ ने भी विनोद राठी और उनके परिवार के साथ गहरी संवेदना प्रकट करते हुए मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# संस्कारधानी में सनातन धर्म महिला मंडल द्वारा सावन तीज महोत्सव का भव्य आयोजन



0 सावन की सतरंगी छटा में सजी संस्कारधानी, तीज पर्व का उल्लास चरम पर
0 संस्कारधानी में वृंदावन जैसी तीज, राधा-कृष्ण संग झूली महिलाएं

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव के बलरामदास टाउन हॉल में सनातन धर्म महिला मंडल द्वारा सावन तीज महोत्सव का भव्य आयोजन वृंदावन की तर्ज पर हर्षोल्लास और धार्मिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण के पारंपरिक झूले को फूल-मालाओं और गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया। श्रद्धा से राधा-कृष्ण की पूजा कर महिलाओं ने झूला झूलते हुए महोत्सव का आनंद उठाया। महिलाओं ने एक-दूसरे को हरी चूड़ीयां, मेहंदी और श्रृंगार का सामान भेंट कर परंपरा का निर्वहन किया। पारंपरिक हरी साड़ीयों में सजी महिलाओं ने सावन के गीतों पर नृत्य किया और सौभाग्यवती होने तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि महिलाएं विविध पकवान बनाकर लाईं और एक-दूसरे को प्रेमपूर्वक वितरित किया, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश प्रसारित हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि 'संस्कारधानी सनातन धर्म महिला मंडल द्वारा आयोजित सावन तीज महोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और नारी सशक्तिकरण का सुंदर उदाहरण है। इस आयोजन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध किया कि हमारी परंपराएं आज भी जीवित और प्रासंगिक हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करते हैं। मैं आयोजकों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं।' कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कारधानी सनातन धर्म महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मौसमी शर्मा ने की। उन्होंने कहा, 'ऐसे आयोजनों से समाज में महिलाओं के बीच एकजुटता और आपसी प्रेम बढ़ता है। हमारी संस्कृति और परंपराएं जीवित रहती हैं।' इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही राजनांदगांव की पूर्व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, महापौर मधुसूदन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती करुणा यादव सहित विभिन्न समाजों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस अवसर पर मौसमी शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, सुषमा सिंह, ममता शर्मा, पायल शर्मा, ममता सोनी, मीना पांडे, मोना गोसाई, शांति सोनी, संध्या शर्मा, रंजना शर्मा, सविता जोशी, मधु अग्रवाल, दीपा गुरु, आरती शर्मा, वर्षा, सुमित्रा शर्मा, अनुज शर्मा, कुसुम बाजपेई, किरण तिवारी, प्रीती जोशी, प्रियंका शर्मा, संगीता शुक्ला, क्रांति मौर्य, दीपा चौरसिया, रचना मेमन, टीसा, शीतल मिश्रा, दुर्गा जोशी, कुशुम अग्रवाल, सगुन गुप्ता, संध्या खंडेलवाल, ज्योती गुप्ता, निधि जोशी, श्वेता सोनी, आरती शर्मा, प्रेम सोनकर, कमलेश्वरी साहू, मनीषा गुप्ता, लक्ष्मी सदानी, खुशी चौरशिया, किरण अग्रवाल, जनक बाई, सजना लक्ष्मी, सरिता, सीमा पटाक, सीमा शर्मा, शांति सोनी, काजल प्रभा, पुष्पा यादव, अंजू, वर्षा गुप्ता, ज्योति गुप्ता, संगीता शुक्ला, ज्योति खंडेलवाल, संजना सोनी, वर्षा शरद सिंहा, प्रेमा सोनकर, रंजना भाभी, गीता दुर्गी, आंचल शर्मा, ज्योति शरण, गीता शर्मा, तुईशा सहित महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण वातावरण भक्तिमय, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण रहा। आयोजन में महिला मंडल द्वारा विविध प्रतियोगिता हुआ जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## अनमोल दावा

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी प्रत्येक भूल कुछ न कुछ सीखा देती है।

# गाजा संकट पर मूकदर्शक मोदी सरकार, प्रधानमंत्री को उठानी होगी भारत की आवाज

भारत सदैव दो-राज्य समाधान और इजरायल तथा फलस्तीन के बीच न्यायसंगत शांति का समर्थक रहा है। 1974 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत पहला गैर-अरब देश बना जिसने फलस्तीन मुक्ति संगठन-पीएलओ को फलस्तीनी जनता के एकमात्र और वैध प्रतिनिधि के रूप में मान्यता दी। 1988 में भारत उन शुरुआती देशों में था जिन्होंने फलस्तीन को आधिकारिक मान्यता प्रदान की।

7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल में निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों पर हमास द्वारा किए गए बर्बर हमलों या उसके बाद इजरायली लोगों को लगातार बंधक बनाए रखने को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता। इसकी बार-बार और बिना किसी शर्त निंदा की जानी चाहिए, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्य और उससे भी बढ़कर एक इंसान होने के नाते यह स्वीकारना हमारी जिम्मेदारी है कि गाजा की जनता पर इजरायली सरकार की प्रतिक्रिया और प्रतिशोध न केवल उग्र रहा है, बल्कि यह पूरी तरह आपराधिक भी है। पिछले लगभग दो वर्षों में 55,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं, जिनमें 17,000 बच्चे शामिल हैं। गाजा में अधिकांश आवासीय इमारतों को जानबूझकर लगातार हवाई बमबारी के जरिये पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया है। इनमें अस्पताल भी शामिल हैं। वहां का सामाजिक ढांचा पूरी तरह बिखर चुका है। अक्टूबर 2023 से अब तक की घटनाएं परेशान करने वाली रही हैं। हाल के महीनों में स्थिति और हृदयविदारक हो गई है। हमने देखा है कि किस तरह मानवीय सहायता को भी एक नृशंस रणनीति के तहत हथियार बना दिया गया है। इजरायली रक्षा बलों ने गाजा की सैन्य नाकेबंदी कर वहां दवाओं, भोजन और ईंधन की आपूर्ति को क्रूर नीयत से बाधित किया है। वहां के बुनियादी ढांचे का अंधाधुंध विनाश और आम नागरिकों का बेरोकटोक नरसंहार एक मानव निर्मित त्रासदी को जन्म दे चुका है। नाकेबंदी ने इसे और भी भयावह बना दिया है। भूख से मरने को मजबूर करने की रणनीति निःसंदेह मानवता के खिलाफ अपराध है।

इस तबाही के बीच इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संगठनों से आने वाली मानवीय सहायता या तो सिरे से ठुकरा दी है या उसे रोक दिया है। इंसानियत के हर विचार को विकृत करते हुए इजरायली सैनिकों ने उन तमाम लोगों पर बेरहमी से गोलियां बरसाईं, जो परिवारों के लिए भोजन जुटाने की कोशिश कर रहे थे। खुद संयुक्त राष्ट्र ने इस पर गंभीर चिंता जताई है। इजरायली रक्षा बलों को भी इस भयावह सच्चाई को स्वीकार करना पड़ा है।

गाजा में इजरायल के सैन्य कब्जे को लेकर विशेषज्ञों के लगभग सभी आकलनों के अनुसार यह एक ऐसा अभियान है, जिसका प्रभाव जनसंहार जैसा है और जिसका उद्देश्य गाजा पट्टी से फलस्तीनियों का नस्लीय सफाया करना है। इसका पैमाना और परिणाम 1948 की च्नकबाज् त्रासदी की याद दिलाता है, जिसमें फलस्तीनियों को उनके घरों से बेदखल किया गया। यह क्रूरता कुछ सबसे घिनौने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए की जा रही है। इनमें औपनिवेशिक मानसिकता से लेकर कुछ लालची रियल एस्टेट कारोबारियों के स्वार्थ भी शामिल हैं। दुर्भाग्य से गाजा संकट ने वैश्विक व्यवस्था की सबसे गंभीर कमजोरियों को उजागर कर दिया है। गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग करने वाले यूएन महासभा के प्रस्तावों को पूरी तरह उपेक्षित कर दिया गया। सुरक्षा परिषद गाजा में आम नागरिकों पर किए जा रहे हमलों और उनके बुनियादी ढांचे के बड़े पैमाने पर विनाश के लिए इजरायली सरकार पर प्रतिबंध लगाने में विफल रही है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने 26 जनवरी, 2024 को इजरायल को जनसंहार जैसे कृत्य रोकने और नागरिकों तक आवश्यक सेवाएं तथा मानवीय सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए थे। इन्हें भी अनदेखा किया गया। अमेरिका से मिले प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन ने न केवल इजरायल को इन कार्रवाइयों के लिए प्रोत्साहित किया, बल्कि उन्हें संभव भी बनाया। जब अंतरराष्ट्रीय कानून और संस्थाएं लगभग निष्क्रिय हो चुकी हैं, तब गाजा के लोगों के हितों की रक्षा की लड़ाई अब अन्य देशों के जिम्मे आ गई है। दक्षिण अफ्रीका साहसिक कदम उठाते हुए इजरायल को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले गया और अब ब्राजील भी इसी प्रयास में शामिल हो गया है। फ्रांस ने फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने का फैसला किया है और ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों ने गाजा में आक्रामकता को बढ़ावा देने वाले इजरायली नेताओं पर प्रतिबंध लगाए हैं। खुद इजरायल के भीतर भी विरोध के सुर तेज हो रहे हैं। उसके एक पूर्व पीएम ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों की वास्तविकता को माना है। इस मानवीय संकट के प्रति दुनिया भर में उभर रही वैश्विक चेतना के बीच यह एक राष्ट्रीय शर्म की बात है कि भारत इस मानवता के अपमान का मूकदर्शक बना हुआ है।भारत लंबे समय से वैश्विक न्याय का प्रतीक रहा है। उसने उपनिवेशवाद के खिलाफ वैश्विक आंदोलनों को प्रेरित किया, शीत युद्ध के दौर में साम्राज्यवादी प्रभुत्व के खिलाफ आवाज उठाई और रंगभेद-ग्रस्त दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का नेतृत्व किया। जब निर्दोष इंसानों का निर्मम संहार हो रहा है, भारत का अपने मूल्यों से विमुख हो जाना राष्ट्रीय विवेक पर कलंक, हमारे ऐतिहासिक योगदान की उपेक्षा और हमारे संवैधानिक मूल्यों के प्रति एक कायरतापूर्ण विश्वासघात भी है। भारत सदैव दो-राज्य समाधान और इजरायल तथा फलस्तीन के बीच न्यायसंगत शांति का समर्थक रहा है।

# कहानी : शराबी, मनुष्य बन गया



**गिरीश बख्शी**



चैतराम पियक्कड़ एक नम्बर का। घर के लोग तो परेशान थे ही, बाहर भी पड़ोसी उसके उपद्रव से त्रस्त हो गये थे। पुलिस में उसकी रिपोर्ट की जाती पर वह हिकमत से घर आ जाता। चैतराम बखूबी जानता था पीने से अन्दर हुआ है तो पिला कर चौकी से बाहर भी आ सकता है।

जब चैतराम पीए नहीं रहता तब वह अपना चपरासी का काम इतनी मुस्तैदी से किया करता कि उसके आफिस के कर्मनिष्ठ बड़े बाबू खुश हो कहा करते-मैने कई शहरों में काम किया है और चपरासी देखे हैं कामचोर अलाल और बहानेबाज पर एक यहीं दिखा कर्मष्ठ कर्मचारी चैतराम! पर दूसरे कर्मचारियों को बड़े बाबू का इस तरह चैतराम की तारीफ करना गवारा न होता! वे बड़े बाबू को अकेले में बताते-''सर! आप तो नये-नये आए है, यहाँ, आपको पता नहीं है इसलिए। चैतराम शराबी है। वह पीता है और गजब का पीता है! एक दिन उसने मुझसे कहा- मैं पीता हॅू पीताम्बर! तो तुझको क्यों जलन लगती है। मै अपने पैसे से पीता हूँ। तुझसे तो पैसा नहीं मांगता, न मैं चोरी-चपाटी करता हूँ।'' बड़े बाबू आश्चर्य करते-''पर पीताम्बर! मुझे तो यहाँ आए तीन माह हो रहे है मैने तो उसे कभी पीए हुए नहीं देखा और न कभी काम में राफलत करते उसे पाया हैं। वह तो बड़े लगन, बड़ी ईमानदार से काम करता है।'' पीताम्बर रहस्यमयी आवाज से कहता-''वह बड़ा चालाक है सर! शाम को पीता है और पीकर जब घर जाता है तो उसकी घर वाली....।'' बड़े बाबू दोनों हाथ ऊपर उठा कर जोरदार जमुहाई लेते हुए कहते-''तो उससे हमें क्या करना पीताम्बर! घर में वह क्या करता है यह वह और उसकी घर वाली जाने। हम तो आफिस में उसके बड़े बाबू हैं और आफिस में वह .... । तभी चैतराम आ गया! बोला-''सर! कब का टी टाइम हो गया! आप केन्टीन में आए नहीं तो मैं यहीं चाय ले आया।'' बड़े बाबू मुग्ध हो गये-''वाह चैतराम! तुम मेरा कितना ख्याल रखते हो। शाबाश! हाँ! पीताम्बर! तुम पानी ले आओं!

पीताम्बर अपना-सा मुँह लेकर चला गया पानी लाने। बड़े बाबू ने पीताम्बर के जाने के बाद चैतराम से कहा - ''पीताम्बर से तुम्हारा कोई मनमुटाव है क्या?'' चैतराम चौंक-सा गया- ''नहीं सर! वैसी तो कोई बात नहीं।'

*- ''पर वह तो तुम्हारी शिकायत कर रहा था।''*

*- ''मेरी? पर.... वह क्यों....? हाँ! सर!*

*किसी-किसी का, निन्दाचारी का स्वभाव होता है!*

*मैं तो पीताम्बर की तारीफ किया करता हूँ सर!''*

बड़े बाबू चाय का काप प्लेट पर रखते हुए बोले- ''खैर! छोड़ो उसकी बातों को! मैं एक दिन तुम्हारे घर आऊंगा!'' एकदम सकपका-सा गया चैतराम-''मेरे घर? चपरासी के घर में क्या है सर! आप क्या करेंगे आकर! घर में तो आपको बैठाने लायक ढंग की कुर्सी भी नहीं है। बड़े बाबू ने मुस्कराते हुए, कहा-''पर मैं आऊंगा चैतराम! बेढ़गी कुर्सी पर बैठ जाऊंगा पर मुझे तुम्हारी घर वाली से मिलना है!''

चैतराम अब तो सचमुच घबरा गया। किसी तरह बोला-''मत आइए सर! मेरे घर मत आइए। मैं हाथ जोड़ता हूँ सर!'' बड़े बाबू ने बड़े स्नेह से चैतराम के हाथ का अपने हाथ में लेते हुए विनम्रता से कहा-''तुम ऐसे घबरा क्यो रहे हो भाई। मेरे तुम्हारे घर आने से सब ठीक हो जाएगा। तुम्हे अच्छा लगेगा! जाओ, यह फाइल साहब को दे आओ!''

और फिर एक इतवार को शाम दुनिया देखे बड़े बाबू सचमुच चैतराम के यहाँ जा पहॅूचे!'' उस समय घर में हंगामा मचाता। घरवाली जोर-जोर से बड़बड़ा रही थी। बच्चे दोनों, डरे-सहमे शीतल कोठरी में दुबके हुए थे और चैतराम बड़े क्रोध से कह रहा था ''दे, पैसा दे! कल तो तुझको आफिस से आकर पैसा दिया था और आज तू कहती है पैसा नहीं हैं। पैसा दे नहीं तो देख मैं क्या करता हॅू।'' घरवाली रसोई घर से चिल्लाई है पैसा है मेरे पास, पर तेरे पीने के लिए नही है। मीरा की दवा के लिए पैसे हैं।'' चैतराम पत्नी की तरफ दौड़ता कि परछी में रूकें बड़े बाबू, सामने आ खड़े हुए। उन्हे देख चैतराम इतू प्रम रह गया। बड़े बाबू, वातावरण से अनजान बनते हुए, बोले-चैतरामे! अपने बच्चों और उनकी माँ से नहीं मिलवाओगे। बुलाओ भाई! उन्हे मैं मिठाई लेकर आया हूँ!'' चैतराम, घबराया हुआ चैतराम दौड़ कर खपच्ची लगी कुर्सी ले आया! हकला गया-''आप--- आप... अचानक.....आप.....बैठिए सर! आप....फिर आवाज दी-''मीरा, रामू, कहाँ हो, माँ के साथ सब आओ! देखो, अपने सर आये हैं हमारी झोपड़ी थें!'

अपना आँचल सम्हालती, कुचाती हुई रामू और मीरा के साथ चैतराम की घरवाली आई। बड़े बाबू ने उसे मिठाई का पेकेट देते हुए कहा-''तुम्हारा नाम क्या है बेटी! एकदम धीमे स्वर में वह बोली-''सरला!

हॅस पड़े बड़े बाबू-''सरला! सचमुच तुम सरला हो, इसीलिए तुम्हारी खूब तारीफ करता है चैतराम!'' सरला ने बड़े बाबू के चरण स्पर्श कर प्रणाम करते हुए कहा- ''पर सर जी! मैं आपसे मिलना चाहती थी और मीरा के बाबू जी की.....।'' बड़े बाबू ने स्नेह सिक्त स्वर में कहा-''मुझे मालूम है सरला! तुम मुझसे क्या कहना चाहती थी। पीताम्बर से पहले सुना है यहाँ आज आकर खुद देखा है। अरे! तुम सब खड़े क्यों हो? चैतराम! सबके साथ थे खटिया पर बैठो। मैं जो कहने आया हूँ उसे ध्यान से सुनो-

परम पिता परमेश्वर ने हमें मनुष्य योनि में जन्म दिया है। बहुत-बहुत मुश्किल से मिलती है हमें यह मनुष्य योनि। मालूम चैतराम! अड़तालीस लाख योनियों में भटकने के बाद जाने कितने वर्षो बाद हम मनुष्य का रूप ले पाते हैं। इसके पहले जाने कितने-कितने पशुपक्षी कीड़े-मकोड़े के रूप में इस जीव को जन्म लेना पड़ता है, कष्ट-तकलीफ सहनी पड़ती है जब जाकर कहीं हम...! पर हाँ! भगवान ने तो हमें इस धरती पर अब हमें सर्वश्रेष्ठ योनि यानी मनुष्य में तो बना दिया पर हम अपने खराब स्वभाव और बुरी आदतों से-जैसे लालच कर, क्रोधकर जाने क्या-क्या नशा कर, और सबसे खराब शराब पीकर अपनी मनुष्यता को जानवरत्व में बदल लेते हैं।

सरला! मीरा और रामू को समझाने के लिए बताऊँ कि शराब इतना, इतना बुरा नशा है कि आदमी कों जानवर से भी बद्तर बना देता है। शराब के नशे में चूर होकर आदमी ऐसा पागल हो जाता है कि घर को नरक बना देता है और अपने मा-बाप या पत्नी-बच्चों तक का खून कर देता है।

तो सौ बात की एक बात चैतराम भैया! शराब से बच्चों! शराब पीकर मरखण्डा जानवर मत बनो बल्कि शराब छोड़ कर भगवान ने जो हमें बनाया है वह मनुष्य बनो, इन्सान बनो। चैतराम! शराब पीने के लिए पत्नी के ऊपर रौब जमा कर पैसा मत छीनों बल्कि मीरा की दवा लाने के लिए पैसा मांगो। जानते हो चैतराम। पत्नी को 'गृहणी' कहा गया है! गृहणी, इस महंगाई के जमाने में, खूब सोच-समझ कर, घर चलाती है। चैतराम! तुम तो आफिस में बढ़िया कार्य करते हो तो घर में भी उत्कृष्ट काम करो! सरला के साथ हिल-मिलकर घर चलाओ! बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखो! उन्हे अच्छे स्कूल में पढ़ाओ! और यह भी करो कि.....!' एकाएक चैतराम बड़े बाबू के पैरों से लिपटकर, रोतें हुए कहने लगा-''बस, बस कीजिए सर! आपने मुझे संस्कारों की एक से एक ऐसी घुट्टी पिलाई कि मेरा शराब का सारा नशा उतर गया और शेर, कुत्ता, सुअर बनता शराबी यह चैतराम आज सचमुच मनुष्य बन गया । रामू की माँ! मुझे पैसा दो, मैं सर के साथ जाकर मीरा के लिए दवा ले आऊँ!''

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : साथ चलने वालों की भी फिक्र कर लिया करें महोदय

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



वास्तव में जब हम किसी सार्वजनिक स्थान में या कार्यक्रम में या समूह यात्रा में होते हैं, तब हम केवल एक व्यक्ति नहीं रह जाते हैं बल्कि हमें उस समूह का सदस्य बनकर व्यवहार करना होता है। जहां चार लोग साथ होंगे वहां कोई आवश्यक नहीं है कि हर कार्य हमारे अनुरूप हो या सब हमारी इच्छा से हो या हमने जैसे विचार व्यक्त किए हैं, वैसा हो। ऐसी स्थिति में हमें समायोजन के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

उदाहरण के लिए आप अपने मित्रों के एक छोटे समूह के साथ किसी पर्यटन स्थल की यात्रा पर हैं। वहां मत भिन्नता किसी भी बात पर हो सकती है। उदाहरण के लिए,किस होटल में ठहरें? रेलवे स्टेशन से होटल तक कैब बुक करके पहुंचें या लाइन ऑटो रिक्शा की सहायता से पहुंचें? भोजन होटल स्थित रेस्तरां में करें या कहीं बाहर भोजनालय में चलें? ऐसा ही मतभेद पर्यटन स्थल के लिए चयनित स्थलों में पहुंचने को लेकर या वहां पहुंचने के बाद किसी भी बात को लेकर हो सकता है।

ऐसी स्थिति में आम राय से या बहुमत के निर्णय को माना जाता है। इस स्थिति में आप यह नहीं कह सकते हैं कि सारे लोग गलत कर रहे हैं और मैं उनके साथ शामिल नहीं हो पाऊंगा। आप यह भी नहीं कह पाएंगे कि आप लोग अपना करो।अपने मन के अनुसार चलो और मैं अपने मन की करता हूँ। यही तो सामूहिकता है और समुदाय में एक दूसरे के साथ सामंजस्य से आगे बढ़ना ही जीवन है। अगर एक व्यक्ति अपनी इच्छा या कार्य के औचित्य के विरुद्ध जाकर किसी बात पर सहमत हो रहा है तो अन्य लोगों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अगर अनेक लोग इस मुद्दे पर गलत हैं,तो एक व्यक्ति अगर सही बोल रहा है तो उसकी बात को मानना चाहिए।

यह तो हो गई ऐसी बात जहां सबको एक साथ समान योगदान करते हुए चलना है लेकिन इससे थोड़ी भिन्न स्थिति भी बनती है। उदाहरण के लिए एक व्यक्ति अगर नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हो तो उसे कोई भी निर्णय कम से कम लोगों की एक बार राय लेने के बाद ही करना चाहिए और साहस तक तो ठीक है लेकिन दुःसाहस का प्रदर्शन कर अपने साथ-साथ अन्य लोगों को जोखिम में नहीं डालना चाहिए। आप कार में अपने मित्रों के साथ यात्रा कर रहे हैं और वाहन चला रहे हैं। यह ठीक है कि आपको तेज गति से कार चलाने की आदत है और आप किसी भी परिस्थिति में अपनी कुशलता से बिना दुर्घटना के कार को निकालकर आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन साथ बैठने वाले यात्री इस तेज गति के वाहन चलाने के दौरान कैसा महसूस कर रहे होंगे, इसका भी आपको ध्यान रखना चाहिए।

एक तो गति सीमा निर्धारित नियमों के अनुसार हो और ऊपर से आपके द्वारा कोई भी जोखिम मोल लिया जाना उस सामूहिक विश्वास का उल्लंघन है, जिसके कारण से आप वाहन चालक के महत्वपूर्ण दायित्व पर विराजमान हैं। अतः अपने साथ-साथ दूसरों की मनःस्थिति का भी नाजुक मौकों पर अवश्य ध्यान रखें।

# व्यंग्य : ''लुकलुकी'' फोटू छपवाय के ...

**रोशन साहू 'मोखला'**



रोटी, कपड़ा अउ मकान हा मनखे के मूल जरूरत आय फेर मनखेपन के सुग्घर मान बर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा घलो मिंझरे हवय। अउ संगे-संग मनोरंजन घलो। अब के समे मा ये मनोरंजन हा हमर जिनगी मा अइसे समागे हावय जइसे रिश्वतखोर मन के सगुरिया रूपी जेब मा खुरचन पानी अइसे समा जाथे कि कतकोन नदिया नरवा मन उलेन्डा पूरा मारत खुसर जथे कि ई.डी,सी.बी.आई, जइसन जांच एजेंसी मन के हाल हा अर्जुन कस हो जाथे जेन हा लड़ई-भिड़ई नइ करँव काहत अपन हथियार डार देय रिहिस। फेर घूसखोरी के लहरा ले घर परिवार लोग लईका बर आनी-बानी के जिनिस आवत रहिथे। जेकर ले घर वाली के मुस्की मुस्कान अइसे जनाथे जइसे माधुरी दीक्षित प्रियंका चोपड़ा हा लोटा भर पानी मढ़ा के सुवागत करत हें। अईसन सुख ल अध्यात्मवादी मन क्षणिक सुख कहिथें। परम सुख तो वो आय जेकर ले इहलोक अउ परलोक दूनों सुधर जाथे। इहि बात के उदिम मा लगथे फोटो खिंचवई के नवा संस्कार जनम धरे होही। छट्ठी-बरही, बर-बिहाव होय चाहे गोष्ठी संगोष्ठी। कोन्हो भी कार्यक्रम मा फोटू खिंचवाके सोशल मीडिया मा डारे ले अलौकिक सुख जनाथे।

आस्था, संस्कार, सत्संग अउ आने-आने चैनल मा अवइया बड़े-बड़े मुनि महात्मा मन ला ये विषय ला अपन सत्संग मा जरूर जघा देना चाही फेर अइसे लगथे वहू मन इही परम सुख ला भोगत फोटू खिंचवऊ फोटू छपवउ संस्कृति सागर मा उबुक-चुबुक होवत हें। फेर आस लगे रहिथे कि कभू फोटू खिंचवउ के विषय म ग्यान अमरित मिल पातिस त हमर जईसन नान्हे मति मन ला पराज्ञान लब्ध होय ले चौरासी लाख योनि के चक्कर ले मुक्ति थोरिक सरल हो पातिस।काबर येकर वोकर रेख ला छोट करे के उदिम मा हरि भजन तो अइसे नंदागे हे जइसे ''राजनीति मा परमारथ भाव अउ जन सेवा। कतको परयास करव ''ढूंढते रह जाओगे।''

गोसाई तुलसीदास जी लिखिन-

बारि मथें घृत होइ बरु, सिकता ते बरु तेल।
बिनु हरि भजन न भव तरिअ यह सिद्धांत अपेल॥

फेर फोटू खिंचाऊ सोशल मीडिया डारू मनखे मन के एकेच सिद्धांत हावय-

सबो के बीच आय बर, जहू- तहू ल ढकेल।
फोटू देखत मगन हिय, फेसबुक ट्विटर मेल।।

सामूहिक फोटू खिंचवाय के बेरा अपन ले जादा गुनी अनुभवी मनखे ला धकियावत तिरियावत बीचों-बीच जघा बनाय बर पुरखन ले मिले संस्कार, यम, नियम, संयम ला छर्री-दर्री कर पाना सबो मनखे के वश मा कहाँ हे? ये उदिम ला जियत मनखे कभू नइ कर सकय। खुद कतको फोसवा रहँय फेर खुद ला सबले बड़े ''माननीय'' मनई बढ़ जबर ''विल पावर'' इच्छाशक्ति के पहिचान आय। खुद कतेक पानी मा हावन,खुद जतेक जानबो कोई दूसर मनखे नइ जान सकँय,भीतरौंधी बइठे आत्मा सदा जनवात रहिथे रे बाबू! काबर मटमटावत हस? लाज बीज नइ लागे का रे तोला बड़े-छोटे के खयाल हवय कि नइहे रे तोला? फेर अईसन भाव पैदा नइ होवन देना, कोन्हो होई गे त ओकर टोंटा ला मसक देना येहा सबो मनखे के वश मा कहाँ होथे?

फोटू खिंचवा के अखबार मा छपवाय के लुकलुकी के समानता नवा बहुरिया के शुरुआती प्रयास ले कभू कम नइ हो सकय,जे घेरी-घाँव अपन सास-ससुर के पूछ-परख बर चाय बनाव का मम्मी? सब्जी अउ लाँव का पापा जी? प्याज निमऊ ठण्डा पानी लागही का पापा जी? समय मा टिफिन ले लेबे जी? काहत अपन गोसईया ला काम मा जावत बेरा घेरी-बेरी टाटा बाय-बाय करत रहिथे। ''दिल वाले दुल्हनिया ले जायेंगे'' फिलिम कस चलत दृश्य ला घर भर के सदस्य मन देख-देख लजावत रहिथें। दाई-ददा मन मने-मन सोंचथे राम जाने! येकर आय ले पहिली हमर बेटा सदा भूख-दुख मरत रिहिस होही का भगवान? अईसन किसम के मनखे मन हा लोगन के तारीफ पाय बर अतेक पुचपूचावत रहिथे जइसे नारद मुनि हा बेंदरा मुँह धरे विश्व मोहिनी संग बिहाव करे बर आघू-पाछू मटमटावत रिहिन। भविष्य मा कोनो किसम के पुरुस्कार, इनाम, सनमान, चुनाव टिकिट के जुगाड़ बर अपन प्रोफाइल के वजन बढ़ाय बर मनखे पांच रूपिया पाकिट म मिलईया हल्के-फुल्के ले हल्का हो जाथें। राम जाने!

फोटू छपवऊ मनखे मन अउ एक ठन बात ल सोच-सोच के सण्डेवा काड़ी कस दुबरावत सुखावत रहिथंय कि मरे के बाद उँकर मरे के समाचार हा कतेक ट्रेंड करही? ये समस्या के समाधान बर ब्रम्हा जी ला अपन सिरजन के नियम मा अपडेशन जरूर करना चाही। मनखे के मरे के चार-छह घण्टा बाद कम से कम एक घण्टा ''टाइम आउट'' के समे मिलना चाही, तेकर ले देख सकँय कि वोकर मरनी के समाचार सोशल मीडिया मा कतेक कोस के यात्रा करिस? उँकर जिनगी के महत्तम के बखान मा कोन काय लिखिन?


कोन-कोन उन ला श्रद्धाजंलि देइनदू चार बछर पुण्यतिथि मनाहीं का नइ मनाहीं? उँकर नांव मा चौंक, चौराहा, गली सड़क के नामकरण हो पाही के नहीं? यहू बात के अंदाजा मरघट मा बइठे लोगन के बातचीत ले हो जाही। काबर यहू संसो के कारन अईसन मनखे जियत-जियत मा राहेर काड़ी कस होत रहिथें? ये सब के समाधान इही अतिरिक्त 'टाइम आउट' के बेरा मा हो सकत हावय। मरईया मनखे खुद अपन आँखी ले लोगन के भाव ला देखत अपन आत्मा ला शांत कर सकत हें।

मरघट्टी मा जुरियाय सकलाय मनखे मन ला आखरी राम रमुउवा करत अउ अपन जिनगी के बारे में दू शब्द गोठियाय के मौका मिले ले अपन फोटूछपिया आदत के महत्तम माटी देवईया मन ला 'दू टप्पा' मा बतावत, भगवान ले मिले परमानेंट डेथ सर्टिफिकेट देखत, सुख चैन पावत, अपन आँखी ला मूंद सकत हें। वोला मिले 'टाइम आउट' ले एक फायदा जरूर होही कि भटकत आत्मा बर गरुड़ पुरान करवाय साँकर दाहरा, राजिम, प्रयागराज,काशी जवई-अवई के खरचा अऊ समे बाँच जाही।

फेर जेन मनखे के आत्मा ला जियत-जियत शांति नइ मिल पाय हवय त मरे बाद शांति मिल पाही अईसन सोचना दूर के कौड़ी कस जनाथे? जइसे ये बियंग लेख ला छपवाय के लुकलुकी मा मेल करई...?


(राजनांदगांव), 7999840942

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है7 आज कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा और कृषि कार्यों में प्रगति होगी7 आज आपका जीवनसाथी के साथ ताल ङ्क मेल बना रहेगा7 अगर आज आप कोई काम शुरू करना चाहते हैं , तो आपको सफलता जरुर मिलेगी।आज प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।



**वृष राशि**

इस राशि वालों के लिए आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टी से अच्छा धन लाभ होगा। आज आपको ऑफिस में प्रमोशन मिलने की खुशखबरी मिल सकती है। आज आपके परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा, जिससे आपको सुकून मिलेगा। आप व्यर्थ की उलझन से दूर रहेंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है7 आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे और परिवार के सदस्य आपकी सराहना करेंगे7 आज आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की बढ़ोत्तरी होगी7 आज आप राजनीती से जुड़े व्यक्तियों के साथ ताल ङ्क मेल बनाकर रखेंगें7 लवमेट आज का दिन अच्छे से बितायेंगें।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा7 आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है7 आज कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी7 इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा7 आज आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है7 आज आप अपने करियर को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगें7 इस राशि के एम.टेक के छात्र किसी टॉपिक को समझने के लिए सीनियर की मदद ले सकते हैं7 आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा और आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता मिलेगी , जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा7 आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए व्यक्तियों से मुलाकात हो सकती है, जिनके माध्यम से आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज प्राइवेट जॉब कर रहे व्यक्तियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख- समृद्धि में वृद्धि होगी। आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं, लेकिन आप अपनी जरुरत का सामान रखना न भूलें।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी और कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। आज आपके व्यापार में वृद्धि होगी और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेगें। आज सेल्स में कार्यरत व्यक्तियों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया जायेगा। आज आपको स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के साथ ताल ङ्क मेल बनाकर रखें, जिससे आप दोनों के बीच अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज पारिवारिक सुख - समृद्धि बढ़ेगी।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिलने की संभावना है। आज आपकी बेटी का किसी मनचाही फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज आप जल्दबाजी में आकर किसी भी प्रकार का निर्णय न लें।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगें, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। आज राजनीति में कार्यरत व्यक्तियों की कार्यभार से सम्बंधित जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज वैवाहिक जीवन में ताल ङ्क मेल बना रहेगा , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।



**मीन**

आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आप सबके प्रति स्नेहपूर्वक व्यवहार करेंगें और बातों को भी अच्छे से समझेंगें। आज आपके लिए आय के नए स्रोत खुलेंगें, जिससे आपके आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज छात्र मन लगाकर पढाई करेंगें और किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -129

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. [illegible] बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग [illegible]

**ऊपर से नीचे**

[illegible] औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, [illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 128 का हल

# ट्रेन के प्रारंभ होने से सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी - सांसद संतोष पांडे

## रायपुर जबलपुर एक्सप्रेस को सांसद संतोष पांडे ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे स्टेशन में रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा नगर को एक नई सौगात दी गई । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा न?ई दैनिक एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 01709 रायपुर जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को जिले के सांसद संतोष पांडे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, दक्षिण मंडल अध्यक्ष राजा मखीजा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दौरान प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर एस. मंगे, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हीरा राम वर्मा, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संगीता टेंबुरकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंहा, लाल बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, चंद्रिका डडसेना, शहर भाजपा मंडल महामंत्री विनीत यादव, महामंत्री विनय बंसल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर पालिका सभापति अमित जैन, डीके राव, हरीश मोटघरे, रेखा राजेश राघौते, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, रतन कोसे,

भाजपा कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, अचला सिंह ठाकुर, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, एस.पी. मिश्रा, मीना यादव, सुषमा कोठारी, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, नीरज यादव, रवि यादव, संतु राव, परविंदर सिंह मोंटी, अनीता इंदुलकर, अनिल पांडे, आकाश राजपूत, विश्वनाथ यादव, द्वारका प्रसाद शर्मा , ज्योति बड़वाई, गीता मानिकपुरी, माया गजभिए, गिरीश साहू, लोकेश इंदुलकर, कैलाश उईके, मुकुंद कडरा, आवेश निगम, कन्हैया वर्मा ,शुभम परिहार ,तेज लाल वर्मा, अमन नामदेव, संतु राव, वीरू साहू, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू, रामकुमार साहू, सावन टेंबुरकर, मयंक डोंगरे सहित मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, स्टेशन मास्टर गुरचरण शेट्टी, पर्यटन मंडल से श्रीनिवास राव बाबू उपस्थित थे।

### ट्रेन के प्रारंभ होने से, सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी - सांसद संतोष पांडे

शुभारंभ अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि नई ट्रेन का प्रारंभ होना क्षेत्रवासियों की लंबे समय से की जा रही मांग का परिणाम है। इससे न सिर्फ यात्रा आसान होगी, बल्कि डोंगरगढ़ के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। धर्म नगरी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। और पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा।

### जबलपुर क्षेत्र से सीधे संपर्क का चौतरफा लाभ मिलेगा आमजनों को - तरुण हथेल, सांसद प्रतिनिधि

ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने कहा कि सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से जबलपुर रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात प्रदेशवासियों को मिली है। और छत्तीसगढ़ की जनता विशेष कर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता को सीधे बालाघाट नैनपुर जबलपुर से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस प्रकार देखा जाय तो डबल इंजन की सरकार का लाभ प्रदेश वासियों को मिल रहा है।

# रायपुर में उपमुख्यमंत्री से मिले डोंगरगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि



डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव क्षेत्र के सरपंचों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास में मुलाकात कर क्षेत्र के विकास को लेकर सार्थक चर्चा की।

श्री शर्मा को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र के बड़े ग्राम बेलगांव में आने का निमंत्रण दिया।

उपमुख्यमंत्री ने शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा करने एवं बेलगांव आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डोंगरगढ़ ग्रामीण भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा बेलगांव सरपंच कौशल चंद्रवंशी छबील राम साहू दिलीप वर्मा मुरली गें दाम धर्मचंद वर्मा नेतराम कंवर हीरा वर्मा आदि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## तहसील कार्यालय साल्हेवारा पहुंचे दुर्ग संभागायुक्त, निर्माण कार्य की गुणवत्ता व राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

**0 संभागायुक्त ने बाजार का भी निरीक्षण किया और उन्होंने सब्जी विक्रेताओं की अस्थाई और व्यवस्थित दुकानों को देखकर असंतोष जाहिर किया**

खैरागढ़ (दावा)। तहसील कार्यालय पहुंचे दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने केसीजी जिले के अपने एक दिवसीय छुईखदान विकासखंड भ्रमण के दौरान ग्राम साल्हेवारा स्थित तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने तहसील कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक विलंब आम नागरिकों के लिए कठिनाई का कारण बनता है, अतः प्रत्येक मामले का समयबद्ध समाधान आवश्यक है।



### संभागायुक्त ने विभिन्न अनुभागों का भी अवलोकन किया

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कार्यालय में संचालित विभिन्न अनुभागों का भी अवलोकन किया और रिकॉर्ड संधारण, जनहित कार्यों की स्थिति एवं राजस्व सेवा वितरण प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने तहसील कार्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली और सुझाव दिए कि नागरिकों को सरल, पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं देने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएं। निर्माणाधीन नवीन तहसील कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया और समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ को संभागायुक्त ने निर्देशीत किया।

इस दौरान संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने ग्राम साल्हेवारा में निर्माणाधीन नवीन तहसील भवन का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने भवन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्माण कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के अंतर्गत निर्मित हो रहे सरकारी भवनों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

संभागायुक्त ने साल्हेवारा बाजार का भी निरीक्षण किया और शेड निर्माण के दिए आदेश निरीक्षण के पश्चात आयुक्त ने ग्राम के मुख्य बाजार क्षेत्र का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने सब्जी विक्रेताओं की अस्थायी एवं अव्यवस्थित दुकानों को देखकर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ एवं पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द एक सुव्यवस्थित सब्जी मार्केट शेड का निर्माण कराया जाए, जिससे स्थानीय व्यापारियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान मिल सके और बाजार व्यवस्था भी सुदृढ़ हो।

## चेन्दरीबन नवागाँव में बाल केबिनेट का हुआ गठन



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में बाल केबिनेट का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों को कोमलचंद आर्य प्रधान पाठक माध्यमिक शाला की अध्यक्षता में चन्द्रभूषण साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री निशा साहू, उप प्रधानमंत्री मोहित कुमार, शिक्षा मंत्री लिलेश्वरी साहू, उप शिक्षा मंत्री लुकेश्वरी पटेल, खेल मत्री यामिनी, उप खेलमंत्री गगन यादव, स्वास्थ्य मंत्री सत्यम पटेल, उप स्वास्थ्य मंत्री हंसिका पटेल, पर्यावरण मंत्री वेदान्त कुमार, उप पर्यावरण मंत्री हर्ष कुमार, कृषि मंत्री लाकेश कुमार, उप कृषि मंत्री पेमन कुमार, सांस्कृतिक मंत्री योजिता, उप सांस्कृतिक मंत्री गीतांश साहू, आठवीं कक्षा नायक दीपिका, उप कक्षा नायक आर्यन वासनिक, सातवीं कक्षा नायक साक्षी, उप कक्षा नायक कमलनारायण, छठवीं कक्षा नायक उपासना साहू, उप कक्षा नायक खिलेश कुमार, प्राथमिक शाला में प्रधानमंत्री डिपेन्द्र कुमार नायक, उप प्रधानमंत्री चंचल निषाद, शिक्षा मंत्री अंकित कुमार देवांगन, उप शिक्षा मंत्री टेरिमा पटेल, खेल एवं संस्कृति मंत्री टिकेश्वर, युक्ति पटेल, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री धैर्यकांत, वृष्टि साहू, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री धनांक्षी, घनिमा साहू, सुरक्षा एवं जन संपर्क मंत्री पुष्पांजली, गजेन्द्र, खाद्य विभाग मंत्री गरिमा साहू, सौम्य कक्षा प्रतिनिधि पहली लोकेन्द्र, प्रार्थना, दूसरी चुलेखा, जयकुमार, तीसरी भाविका, नमन कुमार, चौथी गीतांजली, डोमेश्वर, पाँचवीं पुष्कर, भूमिका को बनाए गये है। सभी पदाधिकारियों को शाला परिवार की ओर से अशेष हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिये। इस अवसर में शिक्षक अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत कुमार साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य कुमार देवांगन, मोनिका ठाकुर उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड एवं निपुन रोवर रेंजर जांच शिविर

डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमडीबोड़ में तृतीय सोपान स्काउट गाइड/निपुण रोवर रेंजर जांच शिविर 2025 का आयोजन 1 से 4 अगस्त तक किया जा रहा है. शुभारंभ अवसर पर भारत स्काउटस एवं गाइडस छत्तीसगढ़ जिला संघ राजनांदगांव द्वारा राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष, उमेश हथेल जिला अध्यक्ष महेश खंडेलवाल, जिला मुख्य आयुक्त प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट के निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में विष्णु प्रसाद साव वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला संघ राजनांदगांव, टोमन साहू ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव एवं जिला उपाध्यक्ष भारत स्काउटस एवं गाइडस जिला संघ राजनांदगांव जागेश्वर(राजू)यादव भाजपा मण्डल अध्यक्ष, टीकम पटेल पूर्व सरपंच एवं मण्डल महामंत्री भाजपा, अमरतन साहू समाजसेवी, क्षितिज सोरी एबीईओ डोंगरगांव, के.आर.साहू प्राचार्य की गरिमामय उपस्थिति रही. ध्वजारोहण कर मंचीय कार्यक्रम में समस्त अतिथियों का जनरल सैल्यूट एवं स्काउट परंपरा के तहत स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया.



कार्यक्रम में स्काउट गाइड जिला संघ राजनांदगांव से शिविर संचालक लेखराम वर्मा, जिला सचिव देवेन्द्र अंबादे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त गाइड भारती रजक जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मुन्नालाल साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड राखी रामटेके, विकासखंड सचिव प्रवीण साव राजनांदगांव, टोमन पटेल डोंगरगांव, नीलकंठ धुर्वे छुरिया, सहायक संचालक मण्डल स्काउट विंग से तिलेश्वर बघेल, रामलाल चंद्रवंशी, रामनारायण साहू राकेश रामटेके, रोवर स्काउट लीडर डेहर साहू, धर्मेन्द्र कुमार रजक ,नीरेन्द्र नीलम साहू एवं गाइडर सीता सोरी, कीर्ति साहू, सरिता साहू, श्यामा झा उपस्थित रहे. मंच संचालन स्काउटर रामलाल चंद्रवंशी एवं आभार प्रदर्शन जिला संगठन आयुक्त गाइड भारती रजक द्वारा किया गया. इस 04 दिवसीय जांच शिविर में स्काउट गाइड के प्रवेश प्रथम सोपान द्वितीय सोपान तृतीय सोपान स्तर के पाठ्यक्रम एवं रोवर रेंजर के निपुन स्तर के पाठ्यक्रम की बारीकियों से अवगत कराते हुए जांच की जावेगी. इस शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच भुनेश्वरी साहू, ग्राम सचिव वाय साहू, सुरेश जैन शाला विकास समिति अध्यक्ष एवं ग्रामवासियों का सहयोग प्रदान मिल रहा है.

# बघेरा सरपंच ऐश्वर्या हरीश देशमुख ने झाडू चलाकर लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गालियों, चौक चौराहो, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम बघेरा में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन प्रति शनिवार को किया जा रहा है । सरपंच श्रीमती ऐश्वर्या हरीश देशमुख के नेतृत्व में प्रति शनिवार को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने सरपंच ऐश्वर्या हरीश देशमुख ने झाडू चलाकर नागरिकों को स्वच्छ बनाए रखने उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को समाज के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने घरों के साथ-साथ गांव के समस्त सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने की अपील की है।

स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से सरपंच ऐश्वर्या हरीश देशमुख, मीनाक्षी ध्रुव उपसरपंच पंचायत सचिव मोहनलाल साहू, तारिणी आडिल, चमेली, सरोज साहू, लक्ष्मी मांडवी, सरोज निषाद, कमलेश्वरी साहू, नितेश्वरी, धनेश्वरी,रेवती साहू, हेमिन, विद्या आडिल, भारती साहू, पूनम यादव, निर्मला निषाद, शांति देवांगन, सुनीता, सरोज मंडावी, अंजू साहू, जंत्री, माधुरी यादव, उषा देवांगन, वंदना, हेम कल्याणी देवांगन ने स्वच्छता अभियान में शामिल हुई और साफ सफाई किया।

# उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह हुए सम्मानित

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी के 200 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। यह समारोह भाजपा के संगठन महापर्व-सदस्यता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा निर्धारित समयावधि में लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाए गए थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा, यह कार्यकर्ताओं के सम्मान का अवसर है और मेरे लिए यह बेहद सौभाग्य का क्षण है।। पार्टी की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं, जिन्होंने इस अभियान को उत्सव में बदला। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और उनकी टीम को लक्ष्य से अधिक सदस्यता जोड़ने के लिए बधाई दी।

### केसीजी के प्रथम जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को मिला 'सदस्यता गौरव सम्मान

इस विशेष आयोजन में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को 'सदस्यता गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। विक्रांत सिंह ने सदस्यता अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 5,000 से 10,000 के बीच नए सदस्य बनाए। इस वर्ग में केवल 20 कार्यकर्ताओं को यह सम्मान मिला, जिनमें विक्रांत सिंह का नाम भी शामिल है। गौरतलब है कि केसीजी जिले से एकमात्र विक्रांत सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद विक्रांत सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में इतना बड़ा लक्ष्य हासिल कर पाना गर्व की बात है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का यह परिणाम है।। तीन महीने तक हमने सदस्यता अभियान को संगठन महापर्व के रूप में मनाया। 60 लाख प्राथमिक और 65 हजार सक्रिय सदस्य बने।



सीएम विष्णु देव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने किया सम्मानित

विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि यह अभियान हमारे प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव, सक्रिय सदस्यता अभियान प्रभारी संजय श्रीवास्तव तथा समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पूरे प्रदेश में 60 लाख प्राथमिक और 65 हजार सक्रिय सदस्यता जोड़ने का ऐतिहासिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

### कार्यकर्ताओं के परिश्रम को मिला सम्मान

सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह सम्मान उन सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है जिन्होंने जमीनी स्तर पर जाकर पार्टी को मजबूत किया। पार्टी की यह संगठनात्मक उपलब्धि भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगी।

# सफाई मित्र कमलाबाई रगड़े की सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत डोंगरगांव की सफाई कामगार कमलाबाई रगड़े पति सुखराम रगड़े को अधिवार्षिकी आयु 17 जुलाई को 62 वर्ष पूर्ण होने के पर कार्यक्रम आयोजित ससम्मान विदाई दी गई और उनके कार्यकाल की सराहना की गई. 31 जुलाई को दोहपर निकाय के सभागार में कर्मचारियों द्वारा मोमेन्टो, शाल श्रीफल, वस्त्र इत्यादि भेंटकर कमलाबाई को सम्मानित किया गया और मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा चेक प्रदान किया गया. इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, वार्ड पार्षद पद्मिनी ठाकुर, निर्मला बाई, गायत्री यादव, कोमल साहू, लेखापाल विवेक भारद्वाज सहित निकाय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे.

# जिला स्तरीय कला उत्सव में आभा राजपूत रही प्रथम

## शाला एवं ब्लॉक का बढ़ाया मान



बांधाबाजार (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष कला उत्सव का आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष 2025 में आयोजित कला उत्सव के कहानी वाचन विधा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघाभेड़ी की प्रतिभावान छात्रा कुमारी आभा राजपूत ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक वीरभद्र लाड़े और शिक्षिका ममता वर्मा के साथ 2 अगस्त को जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी आभा ने कहानी वाचन के अपनी प्रस्तुति में विषयानुरूप परिधान एवं बेहतरीन हावभाव, वाचन कौशल के साथ रोचक प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शाला एवं ब्लॉक का नाम जिला स्तर पर रोशन किया। अब आभा राज्य स्तर प्रतियोगिता में अपने जिले मोहला मानपुर चौकी का प्रतिनिधत्व करेगी। प्रतिभावान छात्रा कुमारी आभा राजपूत ग्राम सिंघाभेड़ी के गणमान्य नागरिक एवं शाला प्रबंध समिति के सक्रिय सदस्य सूर्यप्रकाश राजपूत की सुपुत्री है। आभा को इस उपलब्धि पर प्राचार्य रुपेश तिवारी, शाला समिति के अध्यक्ष अशोक निर्मलकर, शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित शाला समिति के सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

# सिंगपुर के इसी घर में हुआ था चोरी, 5 माह बीते, पुलिस नहीं कर पाई चोरियों का खुलासा

ठेलकाडीह (दावा)। पुलिस के आला अफसर लगातार क्राइम मीटिंग में अपने मातहतों को गश्त करने की सलाह देते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी चोर लगातार पुलिस को चुनौती देते हुए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कुछ इसी तरह का मामला जिले के सुकुलदैहान चौकी क्षेत्र के ग्राम सिंगपुर में 5 माह पूर्व एक सूने मकान में लाखों की नगदी सहित जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम दिए गए। सुकुलदैहान पुलिस इस मामले में जांच में जुटी थी जिसकी कुछ दिन बाद फिर डीलापहरी गांव में फिर एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया इससे पुलिस के लिए यह दोनों घटनाएं चुनौती पूर्ण हो गई द्य लेकिन सुकूलदैहान पुलिस अब तक इस मामले में किसी भी प्रकार खुलासा नहीं कर पाई है। ऐसे में पुलिस की खुफिया तंत्र भी कमजोर साबित हो रहे है।

### गांव में चर्चा चोरों ने नागपुर में खफाया जेवरात

आपको बता दे की सिंगपुर में चोरी की घटना होने के बाद कुछ दिन बाद डीलापहरी गांव में एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिए गया। जिसके बाद पुलिस इस मामले में तत्परता दिखाई जांच के दौरान चार से पांच संदिग्ध लोगों पूछताछ की गई लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस अभी तक किसी प्रकार का खुलासा नहीं कर पाई है। जबकि गांव में यह चर्चा आग की तरफ फैल गई है कि चोरी की जेवरात को चोरों ने नागपुर में खपाने की चर्चा है द्य बहरहाल पुलिस इस मामले में अभी तक शांत बैठी हुई है। हालांकि सुकूलदैहान चौकी प्रभारी मनीष ध्रुव ने इस मामले में जल्द ही खुलासा करने की बात कही है फिलहाल जांच की जा रही है।



**० सुकुलदैहान पुलिस अब भी खाली हाथ, चोर मौज में**
**० लोग भयभीत, डर में जी रहे जीवन**
**० मामला- सुकुलदैहान चौकी क्षेत्र के डीलापहरी, सिंगपुर में चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को दिया था अंजाम**

### दोनों जगह की चोरियां एक जैसी

आपको बता दे की आपको बता दे कि जिस प्रकार से चोरों ने सुने मकान को निशाना बनाकर घटना को अंजाम दिया है। इससे एक ही गैंग का कारनामा होने की आशंका जताई जा रही है क्योंकि जो एंगल चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए अपनाया है। वह दोनों जगह सूने मकान को निशाना बनाएं है। पहले रेकी की घर सुने होने का फायदा उठाया द्य कयास यह भी लगाएं जा रहे हैं कि घटना को अंजाम देने वाले गांव व आसपास गांव के हो सकते है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि इस मामले में जल्द ही खुलासा करेंगे।

# पहला कॉलम...

## न्यूयॉर्क से वर्जीनिया टेंपल जा रहे भारतीय मूल के 4 लापता वरिष्ठ नागरिकों की मौत

न्यूयॉर्कः न्यूयॉर्क से वर्जीनिया के टेंपल जा रहे भारतीय मूल के 4 लापता वरिष्ठ नागरिकों की मौत होने की जानकारी सामने आ रही है। मार्शल काउंटी के शेरिफ माइक डोहर्टी ने पुष्टि की है कि न्यूयॉर्क के बफ़ेलो से लापता बताए गए चार व्यक्तियों की वाहन दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतकों की पहचान डॉ. किशोर दिवान, आशा दिवान, शैलेश दिवान गीता दिवान के रूप में की गई है। द अवेयर फाउंडेशन इंक द्वारा शे?र की गई फेसबुक पोस्ट के अनुसार दुर्घटना में मौत के शिकार हुए चारों ही वरिष्ठ नागरिक थे, जिनका वाहन शनिवार 2 अगस्त की रात लगभग 9.30 बजे बिग व्हीलिंग क्रीक रोड के पास एक गहरी ढलान के नीचे पाया गया। प्रथम प्रतिक्रिया दल (फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स) घटनास्थल पर पांच घंटे से अधिक समय तक मौजूद रहा। शेरिफ डोहर्टी ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। न्यूयॉर्क से चार लापता हुए ये चारों भारतीय मूल के वरिष्ठ नागरिक थे, जो वेस्ट वर्जीनिया के आध्यात्मिक स्थल जा रहे थे। पुलिस के अनुसार उन्हें आखिरी बार 29 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के एक बर्गर किंग रेस्टोरेंट में देखा गया था।

## भारत ने अमेरिका से आयात किया 114 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल

नई दिल्ली। रूस से कच्चा तेल खरीदने पर आपत्ति जताने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए खुशखबरी है। भारत ने पिछले तीन महीने में पिछले साल की अपेक्षा 114त्न ज्यादा कच्चा तेल खरीदा है। अगर जनवरी से 25 जून तक बात करें तो भारत ने पिछले साल की अपेक्षा अमेरिका से 51 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल खरीदा है। पिछले साल जनवरी से जून तक 0.18 एमबी/डी कच्चा तेल भारत में आयात हुआ था, इस साल अब तक इसकी मात्रा .271 एमबी/डी से पहुंच चुकी है। 2024 की तुलना में अप्रैल से जून 2025 तिमाही में भारत ने अमेरिका से 114त्न ज्यादा कच्चा तेल आयात किया है। इन आयातों का वित्तीय मूल्य दोगुने से भी अधिक हो गया है। 2024-25 की पहली तिमाही में 1.73 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2025-26 की अप्रैल से जून में 3.7 बिलियन डॉलर हो गया है। सूत्रों के अनुसार, कच्चे तेल के आयात की गति और तेज होती दिख रही है। गर्मियों के महीनों में भी यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

## भयंकर भूकंप से फिर दहला रूस, रिक्टर स्केल पर 6 रही तीव्रता

नई दिल्ली। रूस की धरती एक बार फिर भयंकर भूकंप से कांप गई है। ताजा भूकंप आज रात 7 बजकर 44 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6 मापी गई। आज भी भूकंप रूस के कामचटका द्वीप के पूर्वी तट पर आया है, जिसका केंद्र धरती के नीचे 20 किलोमीटर की गहराई में मिला। आज सुबह भी 6 बजकर 20 मिनट पर 6.1 मैग्निट्यूड और बीती रात 11:57 बजे 5.9 मैग्निट्यूड के आफ्टरशॉक्स रूस में लगे थे।

भूकंप इस भूकंप का केंद्र कामचटका प्रायद्वीप के तट से लगभग 119 किलोमीटर (74 मील) दूर दक्षिण-पूर्व में पेट्रोपावलोव्स्क-कामचट्स्की के पास 20.7 किलोमीटर की गहराई में मिला था। यह भूकंप पैसिफिक रिंग ऑफ फायर में आया था, जो भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां प्रशांत प्लेट ओखोट्स्क प्लेट के नीचे खिसक रही है। 30 जुलाई को आए भूकंप से एक लाख 80 हजार की आबादी वाले पेट्रोपावलोव्स्क-कामचट्स्की इलाके में इमारतों को नुकसान पहुंचा।

## खालिस्तान विरोधी कार्यकर्ता सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कैलिफोर्निया । अमेरिका में बसे मशहूर भारतीय मूल के कारोबारी और सामाजिक कार्यकर्ता सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वे अपने खालिस्तान विरोधी विचारों के लिए जाने जाते थे। वहीं उनके समर्थकों ने मांग की है कि घटना की गहराई से जांच हो और दोषियों को सजा मिले। खालिस्तानियों के कट्टर विरोधी और सामाजिक कार्यकर्ता सुखी चहल की अमेरिका के कैलिफोर्निया में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, अपने दोस्त के घर डिनर पर गए सुखी चहल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इस मामले में उनके करीबी दोस्त जसबीर सिंह ने बताया कि गुरुवार को सुखी एक जान-पहचान वाले के घर डिनर पर गए थे, जहां खाना खाने के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जसबीर ने कहा कि सुखी बिल्कुल स्वस्थ थे, ऐसे में उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बारिश की वजह से चौथे दिन खेल हुआ खत्म, इंग्लैंड को जीत के लिए बनाने होंगे 35 रन, रूट और ब्रुक ने जड़े शतक



लंदन । भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का (एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी) अंतिम मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। आज मैच के चौथे दिन का खेल बारिश के कारण समय से पहले समाप्त हो गया। इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। उन्हें जीत के लिए पांचवें और अंतिम दिन 35 रन बनाने होंगे। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ 17 गेंदों में दो रन और जेमी ओवर्टन बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं।

बता दें कि इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। मेहमानों ने पहली पारी में करुण नायर के अर्धशतक की मदद से 224 रन बनाए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में जैक क्रॉली (64) और हैरी ब्रूक (53) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 247 रन बनाए और 23 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भारत ने यशस्वी जायसवाल के शतकीय और आकाश दीप (64), रवींद्र जडेजा (53) व वाशिंगटन सुंदर (53) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 396 रन बनाए। इस तरह भारत ने इंग्लैंड पर 373 रन की बढ़त हासिल की और उन्हें 374 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक (111) और जो रूट की शतकीय पारियों की मदद से 339 रन बना लिए हैं।

चौथे दिन का खेल एक विकेट पर 50 रन से शुरू हुआ। उस वक्त बेन डकेट 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। उनका साथ देने के लिए कप्तान ओली पोप आए थे। इससे पहले शनिवार (तीसरे दिन) को तीसरे सत्र में मोहम्मद सिराज ने करारा झटका दिया। उन्होंने आखिरी गेंद पर जैक क्रॉली को बोल्ड किया। वह 36 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। क्रॉली और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। चौथे दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रनों की जरूरत थी। 82 के स्कोर पर उन्हें दूसरा झटका लगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने बेन डकेट को स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराया। वह 83 गेंद में छह चौकों की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सिराज ने इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। उन्होंने कप्तान ओली पोप को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 34 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 27 रन बना पाए।

106 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा चुकी इंग्लैंड को जो रूट और हैरी ब्रूक का सहारा मिला। दोनों दीवार बनकर डटे रहे और टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। इस दौरान हैरी ब्रूक ने 91 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 10वां शतक पूरा किया। वह 98 गेंदों में 14 चौकों और दो छक्कों की मदद से 111 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने चौथे विकेट के लिए जो रूट के साथ 195 रन की साझेदारी निभाई। इससे पहले जो रूट और बेयरस्टो ने 2022 में एजबेस्टन टेस्ट मैच में इंग्लैंड के सबसे बड़े सफल लक्ष्य का पीछा करते हुए 269* रन जोड़े थे। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में जो रूट ने अपने टेस्ट करियर का 39वां शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंदों में अपना सैकड़ा पूरा किया। भारत के खिलाफ यह उनका 13वां टेस्ट शतक भी है। इसके अलावा इंग्लैंड में यह जो रूट का 24वां टेस्ट शतक है, जो घरेलू टेस्ट मैचों में किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक शतक हैं। इससे पहले रिकी पोंटिंग, जैक कैलिस और महेला जयवर्धने ने 23-23 शतक बनाए थे। रूट 152 गेंदों में 105 रन बनाकर आउट हुए जबकि ब्रूक 98 गेंदों में 111 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड की टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 339 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए 35 रन की जरूरत है। अभी क्रीज पर जेमी स्मिथ 2 रन बनाकर मौजूद हैं जबकि उनका साथ जेमी ओवर्टन दे रहे हैं।

## शाहीन अफरीदी बने टीम के लिए विलेन, पाकिस्तान ने गंवाया जीता हुआ मैच, जेसन होल्डर ने अपने नाम किया बड़ा रिकॉर्ड



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला लौडरहिल फ्लोरिडा में खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज ने जेसन होल्डर के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान को आखिरी ओवर में 2 विकेट से मात दी। पाकिस्तान के लिए इस मैच के विलेन शाहीन अफरीदी रहे, उन्होंने आखिरी ओवर में एक वाइड फेंककर टीम को मैच हरवा दिया। होल्डर ने इस मैच में कुल 4 विकेट अपने नाम किए और वह अब ञ्20द्धह्य में वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

होल्डर के नाम अब 74 मैचों में 81 विकेट हो गए हैं। होल्डर ने ब्रावो का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 91 मैचों में 78 विकेट लिए थे। रविवार को खेले गए दूसरे टी20 मैच में होल्डर ने चार ओवर के स्पेल में मात्र 19 रन देकर 4 विकेट निकाले। उन्होंने इस मैच में पाकिस्तान के दोनों ओपनर सैम अय्यूब (7) और साहिबजादा फरहान (3) को चलता किया। इसके बाद हसन नवाज (40) और मोहम्मद नवाज (2) को अपना शिकार बनाया। होल्डर की इस घातक गेंदबाजी के वजह से पाकिस्तान की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पाई।

वहीं मैच की बात करें, पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, उनका ये फैसला पूरी तरह से गलत साबित हुआ। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 133 रन पर ही बना पाई। हसन नवाज ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए, उनके अलावा सलमान आगा ने 38 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही। वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन गुडाकेश मोती ने बनाए, उन्होंने 20 गेंदों पर 28 रन की पारी खेली। होल्डर ने 10 गेंदों पर नाबाद 16 रनों का योगदान दिया।

## एबी डिविलियर्स ने चुनी ऑल टाइम आईपीएल 11, सात भारतीयों को दी जगह



नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने अपनी ऑल टाइम इंडियन प्रीमियर लीग 11 चुनी। अपनी इस टीम में उन्होंने टीम इंडिया के 7 बड़े प्लेयर्स को जगह दी। इसके अलावा 4 विदेशी प्लेयर्स को भी अपनी टीम में शामिल किया। डिविलियर्स ने खुद को भी इस टीम में रखा है। टीम की कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी को सौंपी गई है।

डिविलियर्स की 11 में रोहित शर्मा और मैथ्यू हेडन जैसे बल्लेबाजों को ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों ही शुरुआत से बड़े हिट लगा सकते हैं। विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव 3 और 4 नंबर पर हैं। दोनों ही अपने स्ट्रोकप्ले और मैच जिताऊ पारियों के लिए जाने जाते हैं। डिविलियर्स ने खुद को मिडिल ऑर्डर में रखा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए वह मध्यक्रम में ही खेलते थे। एबीडी के 360 शॉट किसी से छिपे नहीं हैं। मैदान के चारों ओर शॉट लगाने की क्षमता के कारण हर टीम चाहती थी कि एबी उनकी प्लेइंग 11 में हों। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को भी एबीडी ने चुना है। वह अपनी पावर-हिटिंग और सीम बॉलिंग में बेहतरीन संतुलन बनाते हैं। वह अब मुंबई इंडियंस के कप्तान भी हैं। विकेटकीपिंग और कप्तानी की जिम्मेदारी एमएस धोनी को सौंपी गई है। धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 बार आईपीएल का खिताब जीता है। रोहित ने भी अपनी कप्तानी में मुंबई को 5 बार चैंपियन बनाया है। तेज गेंदबाजी की अगुवाई जसप्रीत बुमराह और उनके साथी लसिथ मलिंगा कर रहे हैं। दोनों अपनी घातक यॉर्कर और खेल बदलने वाले स्पेल के लिए जाने जाते हैं। आरसीबी के ही एक अन्य पूर्व खिलाड़ी युजवेंद्र चहल, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी स्पिन डिपार्टमेंट में शामिल हैं।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस बड़े टूर्नामेंट पर लगाया बैन, अपनी टीम भेजने से किया मना, भारत बना वजह



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस समय सदमे में है। उसे चारों तरफ से सिर्फ मुंह की खानी पड़ रही है और इसकी वजह भारत है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पूरे विश्व में माहौल बना है और इसका हर कदम पर उसे खामियाजा उठाना पड़ रहा है। इसी बात से झल्ला के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बड़ा फैसला किया है और एक टूर्नामेंट को पूरी तरह से बैन कर दिया है।

पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने ये फैसला किया है और कहा है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान की टीम या खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। नकवी ने इसी के साथ टूर्नामेंट के आयोजकों को भी जमकर खरी खोटी सुनाई है। ये टूर्नामेंट है वर्ल्ड चैंपियंस लीग जिसके फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस टीम को साउथ अफ्रीका चैंपियंस के हाथों फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है।

इस टूर्नामेंट में इंडिया चैंपियंस नाम की टीम ने हिस्सा लिया था और दो बार ऐसा मौका आया है कि इंडिया चैंपियंस का सामना पाकिस्तान चैंपियंस से होना था और दोनों ही बार भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से मना कर दिया। इस टूर्नामेंट में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले खिलाड़ी खेलते हैं। इंडिया चैंपियंस की तरफ से खेलने वाले शिखर धवन, युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और युसूफ पठान ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से मना किया था।

फिर दोनों टीमें सेमीफाइनल में आ गई थीं और फिर एक बार इंडिया चैंपियंस ने मुकाबला से नाम वापस ले लिया। इस कारण पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंची, लेकिन खिताब जीतने में महरूम रह गई।इस बात से नाराज होकर पसीबी ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर बैन लगा दिया गया है। नकवी ने बोर्ड की मीटिंग में इस बात का एलान किया। दरअसल, पाकिस्तान को ये बात चुभ गई कि जब ग्रुप स्टेज में इंडिया चैंपियंस ने खेलने से मना किया था तो फिर बराबर अंक क्यों दिए गए। बयान में कहा गया है, ÷पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ये एलान करता है कि वह वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड में हिस्सा लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। पीसीबी ने अपनी 79वीं बीओजी मीटिंग में चेयरमैन मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में ये फैसला किया है। नकवी ने ये फैसला डब्ल्यूसीएल के आयोजन और उनके द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज को देखने के बाद लिया है। बयान में लिखा है, ÷इस दुर्भाग्यपूर्ण कदम के बाद जिसमें स्पष्ट रूप से बाहरी ताकतों का प्रभाव दिखाई दे रहा था और इसमें तटस्था की असूलों को अपमान किया गया, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सख्त कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## ज्योतिष चमत्कार ( 4 अगस्त 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 41 | 59 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 31 | 47 | 57 | 69 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 49 | 53 | 67 | 71 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 51 | 65 | 73 | 81 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 63 | 75 | 83 | 95 |
| शनि | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 85 | 93 | 01 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 84 | 96 | 02 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 82 | 90 | 04 | 10 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 92 | 06 | 18 | 26 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 14 | 28 | 36 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12 | 20 | 30 | 48 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 5 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 4 |
| स्पेशल | 14 | 28 | 30 | 42 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 5 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 6 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 7 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 75 | 84 | 93 | 06 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | 70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

**कल्याण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 81 | 88 | 88 | 41 | 48 | 77 |
| 44 | 85 | 28 | 72 | 36 | 13 |
| 68 | 10 | 05 | 71 | 82 | 61 |
| 05 | 08 | 76 | 67 | 03 | 58 |

**राजधानी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 73 | 59 | 19 | 46 | 86 |
| 28 | 83 | 76 | 23 | 71 |
| 77 | 40 | 16 | 83 | 00 |
| 48 | 31 | 34 | 41 | 14 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2024- 22-43-86

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 26-69-88

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**0 जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एनकाउंटर ....**

अभियान रोक दिया गया। अतिरिक्त बल बुलाए गए और आतंकवादियों को घने जंगल से भागने से रोकने के लिए घेराबंदी और कड़ी कर दी गई। शनिवार (2 अगस्त) सुबह तड़के मुठभेड़ फिर से शुरू हुई, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। रविवार रात तक गोलीबारी जारी रही और सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराए। अबतक इस ऑपरेशन में चार आतंकी ढेर कर दिए गए हैं। फिलहाल, ऑपरेशन जारी है और सैनिक शेष खतरों से निपटने में लगे हुए हैं। घायल सैनिक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

**0 रणजीत सिंह गिल के ठिकानों पर छापा....**

मामलों से जुड़ी जांच का हिस्सा है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में मजीठिया को कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार किया गया था। अभी भी जेल में बंद हैं। अब जांच को आगे बढ़ाते हुए रणजीत सिंह गिल के ठिकानों पर छापे मारे गए हैं।

रणजीत गिल के आप में जाने की थी अटकलें

बता दें कि रणजीत सिंह गिल ने शिरोमणि अकाली दल से 2022 में खरड़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उन्हें इस चुनाव में आप प्रत्याशी अनमोल गगन मान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। 19 जुलाई को खबर सामने आई थी कि अनमोल गगन मान ने विधायकी और राजनीति छोड़ दी है। चर्चा चल रही थी कि रणजीत गिल आम आदमी पार्टी जॉइन कर सकते हैं, जिससे नाराज होकर अनमोल गगन ने इस्तीफा दिया है।

हालांकि नाटकीय अंदाज में अगले ही दिन अनमोल गगन ने इस्तीफा वापस ले लिया था। तब से कयास लग रहे थे कि रणजीत सिंह गिल का राजनीति भविष्य क्या होगा? कल चंडीगढ़ में रणजीत सिंह गिल को भाजपा का साथ मिल गया। बताया जा रहा है कि उन्हें 2027 के विधानसभा सीट में खरड़ से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। लेकिन, बीजेपी का दामन थामते ही गिल की मुश्किलें बढ़ चुकी हैं।

**0 तेजस्वी यादव की बढ़ी मुश्किलें, दो वोटर....**

प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप में अपना नाम नहीं मिला। तेजस्वी ने कहा कि अब देखिए! मैं खुद मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हूं। इससे मैं चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाता हूं। शायद, मुझे नागरिक नहीं माना जाएगा और मैं इस घर में रहने के अधिकार से वंचित हो जाऊँगा।

**ईसी ने तेजस्वी के दावे का किया खंडन**

वहीं शनिवार को ही चुनाव आयोग ने यादव के इस दावे का खंडन किया कि उनका नाम मसौदा मतदाता सूची से गायब है और उनके आरोप को ÷निराधार÷ बताया। ईसी ने सीरियल नंबर 416 पर यादव का नाम, फोटो और विवरण दिखाते हुए ड्राफ्ट रोल की एक प्रति जारी की।

# यूक्रेन ने रूस पर किया एक और भीषण ड्रोन हमला, तेल डिपो में लगी आग




मॉस्को। रूस के तेल डिपो पर यूक्रेन ने बहुत भयंकर हमला किया है। रविवार को रूसी अधिकारियों ने बताया कि काले सागर के तटीय पर्यटन स्थल सोची के पास एक तेल डिपो पर रातभर चले यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद भीषण आग लग गई। इस हमले के बाद यूक्रेन और रूस के बीच हमलों का सिलसिला और तेज़ हो गया है। डिपो में तेजी से आग की लपटें और धुआं उठते देखा जा सकता है।

क्रास्नोदर क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येफ़ ने टेलीग्राम पर जानकारी दी कि एक ड्रोन को मार गिराए जाने के बाद उसका मलबा एक ईंधन टैंक से टकरा गया, जिससे आग भड़क उठी। इस आग को बुझाने के लिए 120 से अधिक फायरफाइटर्स को मौके पर भेजा गया। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में तेल डिपो के ऊपर घना धुआं उठता दिखाई दे रहा है। इस बीच, रूस की नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने सोची एयरपोर्ट पर अस्थायी रूप से उड़ानों को रोक दिया है।

रूस के वरोनेज क्षेत्र में एक अन्य यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और काले सागर के ऊपर 93 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए।

## सूर्यकुमार यादव कप्तान, 3 विस्फोटक ओपनर, एशिया कप में ऐसी नजर आ सकती है टीम इंडिया




एशिया कप 2025 की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं. बीसीसीआई की मेजबानी में ये टूर्नामेंट यूएई में होने जा रहा है. कुल 6 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी. इस टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है. टी20 फॉर्मेट में होने वाला ये सीजन 9 से 28 सितंबर के बीच चलेगा. टीम इंडिया जीत की प्रबल दावेदार है, क्योंकि वो डिफेंडिंग चैंपियन भी है. इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया की तस्वीर पूरी बदल जाएगी. सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में मेन इन ब्लू इस टूर्नामेंट में जलवा दिखाने उतरेगी. उनके डिप्टी के तौर पर हार्दिक पांड्या नजर आने वाले हैं. अभी तक बीसीसीआई ने टीम का ऐलान नहीं किया है, लेकिन जिन खिलाड़ियों को मौका मिलना लगभग तय माना जा रहा है. आइए उनके बारे में जानते हैं.

एशिया कप में कुल 8 टीमें होंगी. जिन्हें 2 ग्रुप में डिवाइड किया गया है. हर एक ग्रुप में 4-4 टीमें हैं. पाकिस्तान, यूएई और ओमान एक ग्रुप में हैं, जबकि दूसरे ग्रुप में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल है. भारत पाकिस्तान के बीच लीग स्टेज में 14 सितंबर को मैच रखा गया है. हालांकि ये तय नहीं है कि दोनों के बीच चल रही तल्खी और तनाव के बीच मुकाबला पूरा हो पाएगा या नहीं.

**भारत की संभावित टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान) हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शुभमन गिल, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, श्रेयस अय्यर, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित/जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

# इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

**विभिन्न प्रांतों से पहुंचे राष्ट्रीय स्तर के वक्ताओं ने दिया उद्बोधन**




खैरागढ़ (दावा)। अंग्रेजी विभाग एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ शुक्रवार 1 अगस्त को किया गया। विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में आयोजित उक्त संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में वैभव सुरंगे अखिल भारतीय युवा प्रमुख, वनवासी कल्याण आश्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. मृदुला शुक्ल अधिष्ठाता कला संकाय, कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कौस्तुभ रंजन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा शोध पत्र का सारांश संकलन पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके पश्चात संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वैभव सुरंगे ने भारत देश की स्वतंत्रता में जनजातीय समुदाय के योगदान तथा उनके संघर्षों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि आईसीएसएसआर के माध्यम से शासन के द्वारा यह आयोजन देश के 100 से अधिक विश्वविद्यालयों में शुरू की गई है। जिससे अधिक से अधिक लोग जनजातीय समुदाय से परिचित हो सके।

उन्होंने बताया कि जब से भारत है, तब से जनजातीय समुदाय का अस्तित्व है। भारत देश की आजादी के लिये सबसे पहले खड़े होने वालों में जनजातीय समूह ही आते हैं। केवल पुरूष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी इस संघर्ष में पीछे नहीं रही। वैमव सुरंगे ने जनजातीय समुदाय का देश की आजादी में योगदान को लेकर विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के जंगलों को बचाने वाले जनजातीय समुदाय ही हैं। कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने कहा कि अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में विभिन्न प्रांतों से पहुंचे विद्वानजनों को सुनने का अवसर मिलेगा। यह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के लिए लाभप्रद है। सामान्यतः शोधार्थियों को शोध के लिए भटकना पड़ता है, परंतु इस आयोजन से उन्हें एक ही स्थान पर अधिक से अधिक जानकारी मिल पायेगी। कुलपति प्रो (डॉ.) लवली शर्मा ने इस आयोजन के लिये अंग्रेजी विभाग के शिक्षकों की सराहना की। कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. डॉ. मृदुला शुक्ल ने कहा कि यह एक अनूठा कार्यक्रम है। जहां महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वतजनों को सुनने को मिलेगा। उपनिवेशवादी दौर में जनजातीय समुदाय ने आगे आकर देश की स्वतंत्रता में अपना योगदान दिया है।

उन्होंने जंगल का पहाड़ विषय पर कविता पाठ किया। इससे पहले प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी ने उपनिवेशवाद मानसिकता और वर्तमान दौर को लेकर अपनी बात रखी। अंत में संगोष्ठी के संयोजक डॉ. कौस्तुभ रंजन, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग ने उपस्थित अतिथियों सहित वक्ताओं व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में डॉ. आनंद बर्धन, एयूडी दिल्ली ने भगवान बिरसा मुंडाः ब्रिटिश और इंजीलवादी आधिपत्य के खिलाफ सांस्कृतिक पुनर्जागरण और क्रांति उनकी खोज विषय पर वक्तव्य दिया।

द्वितीय सत्र में शिमी मोनी डोले, जेएमआई दिल्ली ने बस्तर विद्रोह और गुंडाधुरः अधीनस्थ अनुभवात्मक इतिहास और राज विषय पर अपना वक्तव्य दिया। सत्र की अध्यक्षता डॉ. अनुराग चौहान जी.जी.वी.बिलासपुर ने की। इसके बाद ग्रन्थालय में विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी पश्चात शाम 5 बजे कैंपस 2 स्थित ऑडिटोरियम में लोक संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपशिखा पटेल के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गेड़ी नृत्य, सरहुल नृत्य, मंडला करमा नृत्य, शैला नृत्य व बैगा नृत्य सहित विभिन्न नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

# गीतांजली सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा सावन मिलन एवं हरियाली तीज समारोह



राजनांदगांव (दावा)। गीतांजली सामाजिक सेवा संस्थान ने हाल ही में जलतरंग कॉलोनी में 'सावन मिलन एवं हरियाली तीज समारोह' का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

इस समारोह में माथे पर बिंदिया, आंखों में काजल और हरे रंग के परिधानों में सजी महिलाओं की उपस्थिति ने वातावरण को और भी मनमोहक बना दिया। आयोजन का मुख्य आकर्षण एक विशेष रूप से सजाया गया पारंपरिक झूला था। जिस पर बैठकर महिलाओं ने सावन की खुशी का आनंद लिया। चारों ओर हरी चुनरियों की लहर, हंसी-ठिठोली और रिमझिम मौसम के संगम ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

समारोह में कई मनोरंजक और रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गई। जिनमें सावन सुंदरी स्पेशल, सोलह सिंगार प्रतियोगिता, माला पहनाओ, हो जी गेम और अंताक्षरी शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा दिखाने का अवसर दिया। संस्थान ने बताया कि यह आयोजन केवल एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि स्त्रीत्व की सामूहिक ऊर्जा और सांस्कृतिक सौंदर्य का उत्सव था। यह दर्शाता है कि जब महिलाएं एक साथ आती हैं, तो वे समाज में उमंग और उत्साह का संचार करती हैं।

इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता सेरूवा और उपाध्यक्ष श्रीमती शशि बघेल समेत कई सदस्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस आयोजन में श्रीमती अनिता गुप्ता, चंद्रकान्ता महानदिया, रंजीता चावला, प्रिया, जयंती हरदिया, प्रतिभा सोनखुसरे, दुर्गा वर्मा, शारदा दास, सेवती वास्कले, रेणुका नंदनवार, लता शर्मा, मंजुला शर्मा, लक्ष्मी देवांगन, सुमन सोनी, गीतांजली सेरूवा, मंजू शर्मा, विजयलक्ष्मी, दुर्गा साहू, शकुंतला यादव, मोनिका जी, तुसीका साहू, कमला साहू, नूतन भंसारे, पुष्पा दुबे और सांता जी सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

# रेलवे सलाहकार समिति बैठक में भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज, अंडरब्रिज, फुट ओवरब्रिज की उठी मांग



**सांसद संतोष पांडे का आभार जताया सलाहकार समिति के सदस्यों ने**

डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे सलाहकार समिति दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर डिविजन के सदस्यों का स्टेशन मास्टर गुरुचरण सेटटी एवं सीआई साहब कुमार निरंजन सिंह कमर्शियल इंस्पेक्टर डोंगरगढ़ के द्वारा स्वागत कर स्टेशन मास्टर के सभा कक्ष में बैठक आहुत की गई। जिसमें शहर के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित श्रीमती अलका जयेश सहारे, विश्वनाथ यादव, प्रकाश यादव, सुभाष अग्रवाल एवं डॉ. महेश तिवारी के साथ संयुक्त बैठक कर रेलवे क्षेत्र अंतर्गत आम नागरिकों की सुविधा एवं आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठक में महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई।

जिसमें प्रमुखता से भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में देने एवं बहुप्रतिक्षित मांग कालका से बुधवारी पारा जाने वाले मार्ग पर स्थित अंडर ब्रिज को विद्यार्थियों एवं आम जनों के साथ-साथ दर्शनार्थियों के पैदल मार्ग के लिए मरम्मत कराने, रनिंग रूम के पास से शिव मंदिर तक ओवर फुट ब्रिज रैंप का निर्माण, कालकापारा के तरफ पार्किंग एरिया में वाटर कूलर की स्थापना, महिला रोजगार संबंधित स्टेशन परिसर में दुकान आबंटन स्थानीय महिला को दिया जाए, लोकल ट्रेनों को समय पर संचालन किया जाए, आउटर में काफी देर तक खड़ी ट्रेनों का समय पर स्टेशन में आगमन कराया जाए आदि समस्त विषयों पर चर्चा उपरांत के. निरंजन सिंह के द्वारा आश्वस्त किया गया कि सभी विषय को रेल मंडल को प्रपोजल बनाकर भेजा जाएगा। जिसका निराकरण मंडल बोर्ड के द्वारा किया जायेगा।

### सांसद संतोष पांडे का आभार जताया सलाहकार समिति के सदस्यों में

बैठक के दौरान रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों के द्वारा सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त किया कि आगामी 3 अगस्त को जबलपुर से रायपुर तक इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन होने से छत्तीसगढ़ के नागरिकों को बहुत सुविधा मिलेगी। समस्त मांगों का निराकरण हेतु सदस्यों के द्वारा सांसद के संज्ञान में भी लाने का निर्णय लिया गया है। जिससे सभी मांगो पर यथाशीघ्र विचार हो सके।

# संगठन सृजन अभियान के तहत मंडल व सेक्टर पुनर्गठन को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक आयोजित

**उत्तर ब्लॉक प्रभारी नीता लोधी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं को मिला दिशा-निर्देश**

राजनांदगांव(दावा)। कांग्रेस के 2025 संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंडल और सेक्टर समितियों के पुनर्गठन को लेकर अहम बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक गौरीनगर स्थित मांगलिक भवन में उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली की अगुवाई में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता उत्तर ब्लॉक प्रभारी व पूर्व महापौर सुश्री नीता लोधी ने की। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष आसिफ अली ने समस्त वरिष्ठ नेताओं का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने उत्तर ब्लॉक की वर्तमान स्थिति, संगठनात्मक ढांचे और आगामी रणनीतियों की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में राजनांदगांव विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, प्रभारी बृजेश शर्मा, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जितेंद्र मुदलियार, प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, किशन खंडेलवाल और नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही।

उत्तर ब्लॉक प्रभारी सुश्री नीता लोधी ने कहा कि यह वर्ष संगठन सृजन को समर्पित है। इस दौरान हमें मंडल और सेक्टर स्तर पर समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे लाकर संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संगठन को गुटबाजी से मुक्त कर समन्वय और एकजुटता से कार्य करना होगा। साथ ही युवाओं को जोड़ने और भाजपा सरकार की विफलताओं को जनता के बीच ले जाने का भी आह्वान किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। बैठक में बताया गया कि जल्द ही मंडल और सेक्टर प्रभारियों की नियुक्तियां कर दी जाएंगी, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाई जा सकेगी।

बैठक में उत्तर ब्लॉक के पार्षद सतीश मसीह, राजा तिवारी, छोटेलाल रामटेक, युवराज भारती, अभिमन्यु मिश्रा, समीर द्विवेदी, महेश साहू, इसाक खान, अजय छेदय्या, पूर्णिमा नागदेवे, विशाल गढ़े, राजा त्रिपाठी, शरद खंडेलवाल, हनीफ खान, हितेश गोन्नाडे, चेतन सिन्हा, राहुल देवांगन, मोहम्मद अशफाक, देवेंद्र साहू, निखिल यादव, दीपक पटेल, जितेंद्र चंद्राकर, अरविंद पासवान, कुंदन कुर्मी, देवेन्द्र कलिहारी, मोहनीश गेडाम, यासीन शेख, जाकिर खान, ऋषि रजक, हरीश यादव, मोहम्मद रफीक, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन उत्तर ब्लॉक के पार्षद राजा तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर



**महिलाओं की सुरक्षा पर दिए गए नए कानूनों की जानकारी**

राजनांदगांव (दावा)। द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिंदल ने 24 जुलाई को अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास राजनांदगांव में एक महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में उन्होंने विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए किए गए नए और कड़े प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर नए कानून

न्यायाधीश जिंदल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण बदलाव लाई है। जिसमें धारा 85: इसके तहत पति या उसके नातेदारों द्वारा किसी महिला के साथ की गई क्रूरता एक दंडनीय अपराध है। धारा 87: यह धारा किसी भी आयु की महिला के व्यपहरण या अपहरण से संबंधित है। यदि उसे उसकी इच्छा के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति से विवाह करने के लिए विवश करने के आशय से यह कृत्य किया जाता है। यह एक गंभीर अपराध है। धारा 140 (4): इसी क्रम में उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का व्यपहरण या अपहरण उसे घोर उपहति या अयुक्त काम वासना के लिए किया जाता है, तो यह कृत्य इस धारा के तहत अपराध माना जाएगा। धारा 79: यह धारा महिला की उपस्थिति में अश्लील इशारेबाजी करना या सीटी बजाना जैसे कृत्यों को अपराध मानती है।

### एसिड अटैक पर कड़े प्रावधान

श्री जिन्दल ने विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता 2023 में एसिड अटैक को रोकने के लिए किए गए सख्त प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी पर एसिड फेंककर या उसे एसिड देकर शारीरिक चोट पहुंचाता है, तो ऐसे में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 124 (1) के तहत अपराधी को कम से कम 10 साल की सजा होगी और जुर्माना पीड़ित को दिया जाएगा। न्यायाधीश जिन्दल ने शिविर में उपस्थित सभी छात्राओं को अन्य उपयोगी कानूनी बातें भी बताई। जिससे उन्हें अपने अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा सके। इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं को कानूनी रूप से सशक्त बनाना और उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध के विरुद्ध आवाज उठाने में सक्षम बनाना था।

## भोथीपारकला स्कूल में बाल केबिनेट गठित



राजनांदगांव (दावा)। बच्चों में नेतृत्व क्षमता की भावना के विकास हेतु शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपाल कला में बाल केबिनेट का गठन किया गया है। जिसमें प्रधान मंत्री तिंजल साहू, उपप्रधान मंत्री पायल साहू, शिक्षा मित्री मीरा साहू, पयार्वरण मंत्री चेष्टा साहू, संस्कृति मंत्री मान्या निषाद, उपसंस्कृति मंत्री याशिका यादव, खेल कूद मंत्री हर्ष कुमार साहू, बाल विकास मंत्री लकिता ठाकुर, मध्यान भोजन प्रभारी डॉली साहू एवं कक्षा नायक रूप में पांचवीं प्रेरणा साहू, चौथी हर्षिता साहू, तीसरी पूर्णिमा साहू, दूसरी वंश ठाकुर, पहली में सुभाष साहू को बनाया गया है।

# नागपुर रेल मंडल में 'स्वच्छता पखवाड़ा' शुरू, अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली शपथ



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेलवे के 'स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत' अभियान के तहत, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में 1 से 15 अगस्त तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन समुदाय को जागरूक करना है। पखवाड़े की शुरुआत 1 अगस्त को मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक शपथ समारोह से हुई। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने और हर साल कम से कम 100 घंटे श्रमदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपील की कि हम न केवल खुद गंदगी न करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### नुक्कड़ नाटक और जागरूकता अभियान

पखवाड़े के दूसरे दिन 2 अगस्त को नागपुर मंडल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक किया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा दल और स्काउट-गाइड के सदस्यों ने हाथों में स्वच्छता से जुड़े नारे और पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और पर्यावरण पर इसके असर के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही लाउडस्पीकर के जरिए स्टेशनों पर स्वच्छता संबंधी उद्घोषणाएं भी प्रसारित की जा रही हैं।

### जनभागीदारी से ही सफल होगा अभियान

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। जिसमें हर नागरिक को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे परिसर, स्टेशन और कोचों को स्वच्छ रखने के लिए हम सभी को जागरूक रहना होगा। इस पखवाड़े के दौरान, विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। नोडल अधिकारी सेमिनार, रैलियाँ, पोस्टर, और सीसीटीवी संदेशों के जरिए यात्रियों को जागरूक करेंगे। यात्रियों से भी अपील की गई है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और इस जनभागीदारी को एक आंदोलन का रूप दें ताकि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाया जा सके।

# मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एचओडी ने मीडिया को गलत जानकारी दी - संजय सोनी

**ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा समिति के अध्यक्ष का आरोप कार्यवाही की मांग**




राजनांदगांव (दावा)। **मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. चेतन साहू के प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिर्की ने की है। उन्होंने कहा कि डॉ. तिर्की ने मीडिया के समक्ष गलत जानकारी परोस कर अपनी विश्वसनीयता को घटाया है। यह बात कहते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा समिति के अध्यक्ष संजय सोनी डॉ. तिर्की के ऐसी कृत्य की निंदा की है।**

श्री सोनी ने आगे कहा कि डॉ. चेतन लाल साहू द्वारा अपने पत्र के माध्यम से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा बिना घटनाक्रम को समझे मरीज हेमलता की मृत्यु के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा दोषारोपण सिद्ध हुए बिना ही डॉ. चेतन लाल साहू के खिलाफ प्रेस मिडिया एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया में विभिन्न प्रकार की गलत जानकारी प्रेषित किया गया है। जबकि ड्यूटी में कार्यरत् इंटर्न डॉ. धनेश्वरी बारीह एवं डॉ. ईशा साहू द्वारा अधिष्ठाता कार्यालय मे अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि मरीज हेमलता के संबंध में डॉ. चेतन लाल साहू द्वारा किसी भी प्रकार का फोन नही किया गया है। डॉ. चेतन लाल साहू द्वारा बताया गया है कि डॉ. नवीन कुमार तिरकी विभागाध्यक्ष, मेडिसीन विभाग द्वारा शासन के सारे नियमो को नजरअंदाज करते हुए पदोन्नति एवं वार्षिक गोपनीय चरित्रावली को खराब करने की मंशा से लगातार विभिन्न गलत आरोपों के साथ पत्राचार किया जा रहा है। जिसके कारण चिकित्सकीय कार्य प्रभावित हो रहे है।

डॉ. नवीन कुमार तिरकी विभागाध्यक्ष, मेडिसीन विभाग द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत कर प्रेस मिडिया एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया में डॉ. चेतन लाल साहू की छवि धूमिल करने के संबंध में किए गए कृत्य पर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है। यह भी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। दोषारोपण सिद्ध हुए बिना ही किसी की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से प्रेस, मिडिया में दिया जाना न्यायोचित नही है। उक्त घटनाक्रम की न्यायालयीन जांच करायी जावे तथा जिसका खंडन नही किये जाने पर न्यायालय की शरण में जाने हेतू बेबस हो गया हूँ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में नागार्जुन विज्ञान परिषद का गठन किया गया




डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में नागार्जुन विज्ञान परिषद का गठन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव के मार्गदर्शन एवं विज्ञान विभाग और गणित विभाग के आचार्य दीदियों के द्वारा उक्त परिषद का गठन किया गया।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित रहे वरिष्ठ आचार्य थैलेश साहू बोधन भारद्वाज विज्ञान विभाग संरक्षक विनोद ताम्रकार विज्ञान प्रमुख विशेष साहू रसायन विभाग प्रमुख अमित शुक्ला, भौतिक विभाग प्रमुख सौरव फूले, कृषि विभाग प्रमुख प्रदीप सिंहा, हाईस्कूल विज्ञान प्रमुख नरेश सिंहा, गणित प्रमुख ओम प्रकाश महोबिया, मिडिल स्कूल विज्ञान प्रमुख श्रीमती स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, कौशल्या वर्मा, झुंपा मंडल, कीर्ति दफेदार, मोनिका वाकले एवं सभी आचार्य एवं दीदिया, अध्यक्ष आकाश महोबिया, उपाध्यक्ष नागेश्वर साहू, बहन चंचल वर्मा, सचिव प्राची देवांगन, उप सचिव राशि सिंहा, विवेक ताम्रकार, संरक्षक शिवम सिंहा, खुशी वर्मा, सुहानी चेलक, झलक देवांगन, सदस्य श्री चोरवाड़े, खुशी माली, खुशी मीणा, प्रेरणा सिंहा, यामिनी वर्मा, सुष्मिता वर्मा, टीया निर्मलकर, मयंक निषाद, राज वर्मा, डाली मगर, रेशमा यादव, पोषण वर्मा, खुशांत सिंहा, पूर्व कुमार डडसेना, उज्जवला यादव, गुलशन साहू, प्रतिभा वर्मा, तुषार वर्मा, ऋषभ वाल्दे, पराग वर्मा, इसीका चेलक, खुशबू दमाहे, भूमिका साहू, मानसी टांडिया, लीना जंघेल, साक्षी, रिंकी साहू, वैष्णवी भगत, अनन्या साहू, लिसा सोनवानी, तेजस्वी साहू, उज्जवल वर्मा, शुभम वर्मा, पारुल पराते, तानी सिंह, इशिका महोबिया, शिखा टंडन, दुर्गा वर्मा, सृष्टि सहारे, रूबी साहू, कृतज्ञा साहू, खुशाल वर्मा, दीक्षा ठाकुर, साक्षी भारद्वाज, सोनालिका चौरसिया, तुलसी लोधी, गीतांजलि वर्मा, अखिलेश साहू, रोशन साहू, कुशल देवांगन, सृष्टि सहारे सतीश सिंहा इशिका कंडरा उषा वर्मा रेशम पटेल वर्षा यूके पूनम मंडावी लक्ष्मीकांत सोनकर ,वैदिक वैष्णव यानी निर्मलकर यशिका भारद्वाज देविका सिंहा चैतन्य साहू रेणुका वर्मा कृष्णा करसायल मोनू झरिया निखिल साहू ,कादंबरी निकिता वर्मा मीनाक्षी श्रीवास्तव इसी प्रकार मिडिल विभाग से विज्ञान विभाग के सदस्य बनाए गए हैं। डिंपल देवांगन संजीवनी गजवीर साहिल वर्मा दीक्षा मेश्राम आदित्य वर्मा गायत्री वर्मा पलक पटेल डोमेश्वरी वर्मा जतिन देवांगन निलेश सेजल कंवर अर्पण देवांगन चांदनी कुंभकार तुषार सहारे देवराज वर्मा शिवम वैष्णव मयंक पांडे मिस्टी यादव वैभवी भगत मानवी कंदरा खेमीका यादव गर्भित जैन अबीर यादव ओझल महोबिया आदि।

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में

## छत्तीसगढ़ के रेल विकास को मिल रही डबल इंजन की रफ्तार



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

### रायपुर-जबलपुर (गाड़ी संख्या 11701/11702) एक्सप्रेस शुभारंभ

**पर्यटन, व्यापार और शिक्षा** को मिलेगा नया आयाम

### 16 वर्षों में (2014 से 2030) रेल लाइन का दुगना होगा विस्तार

पिछले 161 वर्षों में (1853 से 2014) तक मात्र **1100 किमी रेल लाइन का हुआ विस्तार**

### राज्य में रेल विकास के लिए ऐतिहासिक बजट

- 10 वर्षों में रेल बजट में 22 गुना वृद्धि
- वर्ष 2025-26 में **₹6,925 करोड़** का ऐतिहासिक आवंटन

### स्वीकृत नई रेल परियोजनाएँ

- **₹47,447 करोड़** की रेल परियोजनाएँ प्रगति पर
- खरसिया-नवा रायपुर-परमालकसा: 278 किमी - **₹7,854 करोड़**
- गेवरा-पेंड्रा: 155.379 किमी - **₹7448.52 करोड़**
- रावघाट-जगदलपुर: 140 किमी - **₹3,513 करोड़**
- खरसिया-धरमजयगढ़ नई रेल लाइन: 162.5 किमी - **₹3,438.39 करोड़**
- बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन: 206 किमी - **₹2,135.34 करोड़** (छत्तीसगढ़: 153 किमी, ओडिशा: 53 किमी)
- उरगा-धर्मजयगढ़: 62.5 किमी - **₹1686 .22 करोड़**
- सरदेंगा-भालमुड़ा: 37 किमी - **₹1,282 करोड़**
- बोरिडांड़-अंबिकापुर डबलिंग: 80 किमी - **₹776 करोड़**
- केंद्री-धमतरी एवं अभनपुर-राजिम गेज परिवर्तन: 67.20 किमी - **₹544 करोड़**
- 37 किमी दुर्ग-रायपुर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग - **₹88 करोड़**
- 2014 से अब तक **148 रेल फ्लाईओवर और अंडरपास** का हुआ निर्माण
- छत्तीसगढ़ राज्य में **100% रेल नेटवर्क** का विद्युतीकरण
- अभनपुर-मंदिर हसौद सेक्शन में **नई MEMU ट्रेन सेवा प्रारंभ**
- **1,103 किमी** से अधिक की नई रेल परियोजनाएँ
- बिलासपुर-राजनांदगांव चौथी लाइन: **178 किमी**
- दल्लीराजहरा-रावघाट - **95 किमी**

### अमृत भारत योजना अंतर्गत ₹1680 करोड़ की लागत से 32 रेलवे स्टेशनों का का पुनर्विकास

- रायपुर **₹456 करोड़** | बिलासपुर **₹435 करोड़** | दुर्ग **₹463 करोड़**

### फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS)

- धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा: 301 किमी - **₹16,834 करोड़**
- अंबिकापुर-बरवाडीह: 200 किमी - **₹9,718 करोड़**

## प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का हृदय से धन्यवाद**

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें




संवाद- 44768/36

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com